


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


गुरुग्राम में भीषण जाम द्वारका एक्सप्रेसवे पर भी चार किमी लंबा जाम, वर्क फ्रॉम होम के आदेश

**यमुनानगर में सोमनदी के पानी में बहा श्मशान घाट, पांच जिलों में स्कूलों में छुट्टियां**

सिरसा में घग्गर का पानी खेतों में घुसा, हिसार में अलर्ट जारी, किसानों की बढ़ी परेशानी, मकान गिरा परिवार बाल-बाल बचा

**हिसार में भाखड़ा समेत 7 नहरें टूटी, फरीदाबाद पलवल में भी अलर्ट**

पंचकूला में एक करोड़ की लागत से बना पुल बहा रोडवेज की बस पलटते पलटते बची, यात्री सुरक्षित

# प्रदेश में बाढ़ जैसे हालात

## यमुना, घग्गर, भाखड़ा, मारकंडा और टांगरी नदियां उफान पर

## 2.5 लाख एकड़ फसल जलमग्न, 40,000 किसान प्रभावित

## 05 जिलों के स्कूलों में छुट्टी, अफसरों-कर्मियों की छुट्टियां रद्द

यमुनानगर में हथनीकुंड बैराज के सभी गेट खोले 3,29,313 क्यूसेक पानी आने से यमुना में बाढ़

**सभी 18 गेटों से पानी छोड़ा, अगले 48 घंटे में दिल्ली पहुंचेगा, मचा सकता है भारी तबाही**

करनाल, पानीपत और सोनीपत में यमुना के साथ लगते खेतों में पानी घुसा

**सिरसा, फतेहाबाद, अंबाला, कुरुक्षेत्र में सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न, तटबंधों पर ठीकरी पहरा लगाकर रखी जा रही नजर**

एसडीआरएफ तैनात एनडीआरएफ और सेना को अलर्ट पर रखा गया

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

पहाड़ों और प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण सभी नदियां उफान पर हैं। इससे प्रदेश में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदियों के साथ लगते इलाकों में पानी भर गया है। इसे देखते हुए सरकार ने हाईअलर्ट जारी किया है। सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। कई जिलों में एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। एनडीआरएफ और सेना को भी अलर्ट पर रखा है। प्रदेश में यमुना, सोमनदी, मारकंडा, टांगरी, घग्गर व भाखड़ा नदी उफान पर हैं। अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, पानीपत, सोनीपत और सिरसा अधिक प्रभावित हैं। वहीं, हिसार, फरीदाबाद और पलवल में भी अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन सभी हालात कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ फसलों में जलभराव से नुकसान हुआ है। 40,000 से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। प्रशासन लगातार इंतजाम कर रहा है। *(बारिश से देश बेहाल पढ़ें पेज 5 पर)*

***गुरुग्राम, यमुनानगर, सिरसा, पंचकूला, हिसार व कुरुक्षेत्र के कुछ क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी रहेगी***

*मौसम विभाग ने मंगलवार को 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम, नूंह, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, करनाल, यमुनानगर, अंबाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, जींद, भिवानी शामिल। चरखी दादरी के लिए ऑरेंज, हिसार, फतेहाबाद, कैथल, सिरसा, नारनौल के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।*

***दिल्ली में यमुना ओवरफ्लो होने से लोहे का पुल बंद किया, लोगों के लिए चेतावनी***

### कुरुक्षेत्र के काठवा गांव में एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

कुरुक्षेत्र के शाहबाद में मारकंडा नदी में सोमवार शाम तक 23,000 क्यूसेक, मुलाना में 41,000 और कलाअंब में 40,000 क्यूसेक पानी की मात्र दर्ज की गई है। मारकंडा के किनारे लगता गांव शाहबाद का रूपनगर, मलिकपुर, गोमती, कलसाना, मामू माजरा, कठुआ और टंगौर प्रभावित होते हैं। वहीं एसडीआरएफ की टीम गांव कठवा पहुंची और हालात पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाल लिया।



कुरुक्षेत्र

## हर तरफ पानी और परेशानी

### हिसार में नहरों के तटबंध टूटे

हिसार के बालसमंद में भाखड़ा नहर से आती बासड़ा नहर टूट गई है। नहर टूटने से करीब 100 एकड़ फसलों में पानी भर गया। बासड़ा माइनर टूटने से बालसमंद, सरसाना और बासड़ा के किसानों के खेतों में जलभराव से फसल खराब हुई है। इससे पहले भी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसल खराब हुई है।



### सिरसा में बाल-बाल बचा परिवार

सिरसा में डबवाली के रिसालिया खेड़ा और पक्का गांव में मकानों की दीवारें गिर गईं। इस दौरान कमरे में सो रहे परिवार बाल-बाल बच गए। दीवार बाहर की तरफ गिरी। अगर अंदर की तरफ गिरती तो जान भी जा सकती थी। सुबह राजपुरा माइनर टूट गई, जिससे 50 एकड़ से ज्यादा एरिया में फसल जलमग्न हो गई।

### टांगरी ने फिर फुलाई सांसें

अंबाला में टांगरी नदी में फिर उन आने से लोगों की सांसें फूलने लगी हैं। इसके आसपास के इलाकों में अलर्ट है। बारिश हुई तो टांगरी में फिर पानी बढ़ सकता है।

### इन जिलों में भी संकट

घग्गर का असर पंचकूला, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल में है। सिरसा में घग्गर 2 दिन से डेंजर लेवल पर बह रही है। कैथल के गुहला चीका क्षेत्र में घग्गर में 21 फीट तक पानी बह रहा है।

### सोनीपत के 30 गांवों में खतरा

सोनीपत में यमुना को लेकर दिल्ली बॉर्डर तक 30 गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। फरीदाबाद में भी यमुना को लेकर अलर्ट है क्योंकि यहां सुबह तक पानी पहुंच सकता है।

### लोगों को यमुना से दूर रहने की चेतावनी

पहाड़ी व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही तेज बरसात के बाद यमुना नदी उफान पर आ गई है। सोमवार को हथिनी कुंड बैराज पर इस सीजन का सर्वाधिक 329313 क्यूसेक पानी दर्ज किया है। सिंचाई विभाग ने स्थानीय नहरों को बंद कर बैराज के सभी 18 गेटों को खोलकर पानी को यमुना नदी में छोड़ दिया। इस बार पानी का बहाव अधिक होने से 72 घंटे में दिल्ली पहुंचने वाला पानी केवल 48 घंटे में ही दिल्ली पहुंचने की संभावना बनी है। उधर, सिंचाई विभाग ने यमुना नदी में 329313 क्यूसेक पानी आने पर बाढ़ घोषित कर दिया है। यहां बरसाती नदियां सोम व पथराला नदी भी तबाही मचा रही हैं।

## अंदर के पन्नों पर


- अब मोटा ब्याज वसूलने वालों के खिलाफ चलेगा अभियान पेज-2
- सीएम फ्लाइंग टीम ने पुट्ठी सैमण में छापा मारकर पकड़ा फर्जीवाड़ा पेज-3
- जरांगे ने शर्तें तोड़ी, सारी सड़कें खाली करवाएं पेज-5


## खबर संक्षेप

### जीएसटी संग्रह अगस्त में 1.86 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.86 लाख करोड़ से अधिक हो गया। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आगामी त्योहारों के कारण राजस्व में वृद्धि जारी रहने की संभावना है। सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अगस्त 2024 में 1.75 लाख करोड़ रुपये था। भाषा

### झारखंड में 9 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार में प्रतिबंधित माओवादी समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के नौ सदस्यों ने हथियारों और गोला-बारूद के साथ सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि नौ उग्रवादियों में एक जोनल कमांडर और चार उप-जोनल कमांडर शामिल हैं, जिन पर कुल 23 लाख रुपये का इनाम था। भाषा

### यूपीआई लेनदेन की संख्या अगस्त में 20 अरब के पार

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन की संख्या अगस्त में 20 अरब को पार कर गई। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। इस दौरान मूल्य के लिहाज से 24.85 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। यह आंकड़ा जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। मूल्य के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ हुआ। भाषा



# अफगानिस्तान में जलजला 800 की मौत, 2800 घायल

**आधी रात को 6 तीव्रता के भूकंप ने मचाई तबाही**

**सोते हुए लोगों को बचने का मौका तक नहीं मिला**

**काबुल (भाषा)।** पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई और 2,800 से अधिक लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता यह जानकारी दी। भूकंप के बाद परेशान अफगानी लोग रात के अंधेरे में भी मलबे में अपने लापता प्रियजनों की तलाश करते रहे। पड़ोसी नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के समीप कुनार प्रांत के कई शहरों में रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से बड़े पैमाने पर तबाही मची है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था। भूकंप का केंद्र जमीन से आठ किलोमीटर की गहराई में था।

### कुनार प्रांत शहर पूरी तरह तबाह

भूकंप के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। भूकंप के बाद भी झटके महसूस किए गए। फुटेज में दिखाया गया कि बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से निकाल कर स्ट्रेचर की मदद से हेलीकॉप्टरों में ले जा रहे हैं। भूकंप से कुनार प्रांत पूरी तरह से तबाह हो गया। एक ग्रामीण ने बताया, कि पूरा गांव खत्म हो गया।


### 2023 में भी आया था भूकंप

सात अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके बाद तेज झटके भी महसूस किए गए थे। तालिबान सरकार का अनुमान है कि इस भूकंप में कम से कम 4,000 लोग मारे गए।

### भारत ने बढ़ाए मदद के हाथ

पीएम नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान में आए भूकंप पर दुःख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

# बेंगलुरु में लिव इन पार्टनर को जिंदा जलाया



आरोपित ने सिग्नल पर कार रुकवा कर पेट्रोल छिड़का

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में लिव-इन पार्टनर को जिंदा जलाकर हत्या करने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोपित ने पहले कार सवार लिव-इन पार्टनर का पीछा किया। फिर सिग्नल पर गाड़ी रुकवाकर पेट्रोल छिड़क दिया। कार में तीन लोग सवार थे। महिला कार से निकलकर भागी तो आरोपित ने उसका पीछा किया। उस पर और पेट्रोल डाला और लाइटर से आग लगा दी। महिला 60 फीसदी झुलस चुकी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित की पहचान 50 साल के विट्ठल के रूप में हुई है। वह एक कैब ड्राइवर और शराब पीने का आदी था। मृतक महिला का नाम वनजाक्षी था। वह 35 साल की थी। दोनों लगभग चार साल पहले लिव-इन रिलेशनशिप में आए थे। शराब की लत-उत्पीड़न से परेशान थी वनजाक्षी विट्ठल पहले तीन बार शादी कर चुका था। वनजाक्षी भी लिव-इन में आने से पहले दो बार शादी कर चुकी थी। वह हाल ही में विट्ठल के शराब की लत और बार-बार उत्पीड़न से परेशान होकर उससे अलग हो गई थी।

**एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र, सभी देशों ने कायराना हरकत की कड़ी निंदा की**

# पीएम मोदी ने शाहबाज के सामने ही दो टूक कहा आतंक से लड़ाई में 'दोहरा मापदंड' स्वीकार नहीं

***सम्मेलन** में पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने हिस्सा लिया, मोदी ने पुतिन से कहा, भारत और रूस हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। आगे भी खड़े रहेंगे। मोदी और पुतिन एक ही कार में द्विपक्षीय वार्ता करने पहुंचे और कई मुद्दों पर चर्चा की*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सोमवार को कड़ी निंदा की और भारत के इस रुख से सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का 'दोहरा मापदंड' स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में भी यही बात कही। एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। यह घोषणापत्र चीन के तटीय शहर तियानजिन में दो दिन तक चले वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किया गया। इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने हिस्सा लिया। एससीओ के सदस्य देशों ने इजराइल की ओर से गाजा पर किए हमलों की भी निंदा की, क्योंकि इन हमलों में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत हुई है और गाजा पट्टी में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। संयुक्त घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों का जिक्र किया गया और आतंकवाद से निपटने को एक बड़ी चुनौती बताया गया।



### दोहराया गया 'एक पृथ्वी एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश

*इसमें आगे कहा गया कि घोषणा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के संदेश को दोहराती है। सदस्य देशों ने 3 से 5 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 5वें एससीओ स्टार्टअप मंच के परिणामों का स्वागत किया, जिससे विज्ञान, तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग और गहरा हुआ है। सदस्य देशों ने 21-22 मई 2025 को नई दिल्ली में हुई 20वीं एससीओ थिंक टैंक मंच की बैठक को भी महत्वपूर्ण बताया। साथ ही, उन्होंने विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के तहत काम करने वाले एससीओ अध्ययन केंद्र की सराहना की, जिसने सांस्कृतिक और मानवीय आदान-प्रदान को मजबूत किया है।*

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद अहम

*एससीओ ने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई और इस बात पर जोर दिया कि इन तत्वों का निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। घोषणापत्र में कहा गया कि सदस्य देश मानते हैं कि आतंकवाद और चरमपंथ के खतरों से निपटने में संप्रभु देशों और उनकी सक्षम एजेंसियों की भूमिका सबसे अहम है। सदस्य देश हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा करते हैं और इस बात पर बल देते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। एससीओ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद अहम है और सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति को पूरी तरह लागू करना चाहिए।* *(पेज 8 भी देखें)*

**सुप्रीम फैसला** शीर्ष कोर्ट का शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता के लिए अहम कदम

**जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच साल बचे हैं सिर्फ उन्हें ही मिलेगी शिक्षक पात्रता परीक्षा से राहत, परीक्षा पास नहीं की तो लेनी होगी रिटायरमेंट**

# अब शिक्षकों को नौकरी बचाने के लिए देना होगा टीईटी, वरना बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को एक अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि शिक्षण सेवा में बने रहने और प्रमोशन पाने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना जरूरी होगा। हालांकि जिन शिक्षकों की सेवा सेवानिवृत्ति में सिर्फ 5 साल से कम शेष है, वे बिना टीईटी पास किए भी कार्यरत रह सकते हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि जो शिक्षक परीक्षा पास नहीं कर पाएंगे, वे या तो सेवा छोड़ दें या फिर अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेकर टर्मिनल बेनिफिट्स (सेवा लाभ) प्राप्त कर सकते हैं। यह फैसला तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से आई याचिकाओं को लेकर दिया गया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने यह फैसला दिया है।

### माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस के लिए बड़ी बेंच करेगी फैसला



कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस पर लागू होगा या नहीं, इसका फैसला बड़ी बेंच करेगी। बता दें कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने 2010 में यह न्यूनतम योग्यता तय की थी कि कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को नियुक्ति के लिए टीईटी पास करना जरूरी होगा। इसके बाद से ही यह परीक्षा किसी भी अध्यापक की शिक्षण गुणवत्ता सुनिश्चित करने का माध्यम मानी जाती है।

**यह बोले शीर्ष कोर्ट के वकील :** सुप्रीम कोर्ट के वकील विराग गुप्ता ने कहा कि तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के शिक्षकों के समूह ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ याचिका दायर की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईटी के तहत टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को सही माना और इसे शिक्षा की गुणवत्ता की दिशा में अहम कदम बताया है।

### क्या है टीईटी एग्जाम

टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो यह तय करती है कि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 8 तक) में टीचर बनने के योग्य है या नहीं। अब सुप्रीम कोर्ट ने सर्विस में बने रहने और प्रमोशन दोनों के लिए टीईटी व क्वालिफाई करना अनिवार्य कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### इग्नू ने 15 सितम्बर तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन और ओडीएल माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 15 सितंबर 2025 कर दिया है। यह निर्णय उन छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है जिन्हें मेरिट या अन्य कारणों के चलते पूर्व में दाखिला नहीं मिल सका था। इग्नू द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, और परंपरागत शिक्षा को सरल एवं सुलभ तरीके से प्राप्त कर सकते हैं।

### छह स्वास्थ्य परियोजनाओं का कार्य शुरू हुआ

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। रेवाड़ी जिले के कोसली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2.93 करोड़ रुपये की लागत से उप-स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई के निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। जाटूसाना ब्लॉक के चौकी नं. 2 गांव, डहिना ब्लॉक के मौतला कलां गांव और नाहड़ ब्लॉक के लूखी गांव में उप-स्वास्थ्य केंद्रों का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही, नाहड़ ब्लॉक के कोसली गांव में एक ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई का निर्माण किया जा रहा है। नाहड़ ब्लॉक के नहरूगढ़ (गामड़ी) गांव और डहिना ब्लॉक के धावना गांव में भी उप-स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं।

### इनेलो पंजाब में पीड़ितों की मदद करेगी: अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है और आज पंजाब बाढ़ जैसी आपदा से जूझ रहा है। इनेलो पार्टी इस दौर में पंजाब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से पंजाब के बाढ़ आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में राशन, पानी और अन्य सामान पहुंचा रहे हैं। अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो ताऊ देवीलाल का लगाया हुआ पौधा है और उनकी नीतियों का अनुसरण करती है। सबसे पहले ताऊ देवीलाल ने पड़ोसी राज्यों या अन्य जगहों पर किसी भी तरह की प्राकृतिक आपदा आई तो उनकी मदद करने की शुरुआत की थी।

### बिहार एसआईआर 2025 में दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया संपन्न

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार एसआईआर 2025 के अंतर्गत प्रारूप निर्वाचक नामावली पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने की प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होकर 1 सितम्बर को संपन्न हुई। इस अवधि में विभिन्न राजनीतिक दलों और मतदाताओं द्वारा नाम जोड़ने एवं हटाने के लिए दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की गईं। राजनीतिक दलों की ओर से अब तक कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए नियुक्त किए गए हैं, जिनके माध्यम से 25 दावे नाम जोड़ने हेतु और 119 आपत्तियां नाम हटाने हेतु प्राप्त हुई हैं।

## पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने की बैठक, दिए निर्देश, सूदखारों पर शिकंजा कसा जाएगा

# अब मोटा ब्याज वसूलने वालों के खिलाफ अभियान चलाएगी पुलिस, संपत्ति अटैच होगी

15 दिनों तक विशेष प्लानिंग कर सूदखारों की पहचान की जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने मधुबन में दो दिवसीय उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेशभर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से जुड़े मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की और अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और जनसेवा को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए। कपूर ने कहा कि पुलिसिंग का मूल उद्देश्य जनता को न्यायसंगत, पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है। डीजीपी कपूर ने सबसे पहले सूदखोरी की अमानवीय प्रथा पर कठोर रुख अपनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस प्रदेशभर में सूदखोरों के अत्याचार के खिलाफ 15 दिन का विशेष अभियान चलाएगी। इस दौरान ऐसे सभी अत्याचारी सूदखोरों की पहचान कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ये वे लोग हैं जो जरूरतमंदों को ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज देकर और ब्याज वसूली के नाम पर शोषण, धमकी और दबाव डालते हैं। ये लोग गरीब और असहाय लोगों की संपत्ति तक हड़प लेते हैं। यह न केवल समाज की आर्थिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है, बल्कि मानव गरिमा पर भी गंभीर आघात है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे सूदखोरों की अवैध कमाई और संपत्ति को भी नियमानुसार अटैच किया जाए और अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को जागरूक करें ताकि कोई भी आम नागरिक ऐसे सूदखोरों के जाल में न फंसे।

### जेल से आने के बाद भी आरोपी महिला को परेशान करता है तो बक्शा न जाए



महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कपूर ने निर्देश दिए कि महिला विरुद्ध अपराधों का पर्यवेक्षण उच्च अधिकारी स्वयं करें और पीड़िताओं की काउंसलिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जेल से बाहर आने के बाद भी आरोपी महिला को परेशान करता है तो इसे गंभीरता से लिया जाए। वर्ष 2025 में वर्ष 2024 की समान अवधि की तुलना में बलात्कार, बलात्कार के प्रयास, अपहरण, छेड़छाड़ और दहेज हत्या जैसे सभी प्रमुख शीर्षकों में 16 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने महिला सुरक्षा के प्रति पुलिसबल की प्रतिबद्धता की सराहना की।

### 110 मुठभेड़ों में 13 अपराधी मारे

बैठक में बताया गया कि 1 जनवरी 2024 से अब तक हरियाणा पुलिस ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार किया है। इस अवधि में 110 मुठभेड़ों में 13 खूंखार अपराधी मारे गए और 156 घायल हुए। केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से 9 कुख्यात बदमाशों का प्रत्यर्पण कराया गया, 70 लुकआउट सर्कुलर और 27 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए। साथ ही 29 फर्जी पासपोर्ट मामलों में एफआईआर दर्ज कर 21 पासपोर्ट रद्द किए गए। संगठित अपराध और उसके ऑनलाइन महिमामंडन पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई, जिसमें 54 आपत्तिजनक गाने और कई अपराधियों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद कराए गए।

### संवेदनशील क्षेत्रो में हॉटस्पॉट चिन्हित

बैठक में बताया गया कि डीएसआरएएफ के 46 वाहनों को डायल 112 के साथ एकीकृत कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, रोहतक के सुनारिया में एक महिला पुलिस 'दुर्गा बटालियन' स्थापित की गई है, जिसमें कुल 540 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके साथ ही, प्रदेश में महिलाओं से छेड़छाड़ वाले संवेदनशील क्षेत्रो में हॉटस्पॉट तथा हॉटरूट चिन्हित किए गए हैं, जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। हिंसक अपराधों की रोकथाम के लिए जिलों के सीलिंग प्लान का गहन अध्ययन करने और इन्हें और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

### तैयारी

### पांच करोड़ रुपये से सीसीटीवी लगाएंगे



डीजीपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में 5 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके। उन्होंने सारे अधिकारियों को यह भी आदेश दिया कि सरकारी कैमरों के अलावा वे अपने स्तर पर प्राइवेट लोगों से तालमेल कर उनसे भी कैमरे लगवाएं।

### घायलों को ट्रॉमा अस्पताल लेकर जाएं, 1.5 लाख तक का इलाज मुफ्त होगा

डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को सीधे ट्रामा अस्पताल ले जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि गोल्डन ऑवर में उनका इलाज हो सके और जीवन बचाया जा सके। साथ ही, पीड़ितों को निशुल्क कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाए। भारत सरकार की योजना के तहत प्रत्येक घायल का इलाज 1.5 लाख रुपये तक मुफ्त हो सकता है। अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक थाना प्रभारी स्वयं शिकायतों की सुनवाई करें और शिकायतकर्ता को रसीद उपलब्ध कराए। बैठक में आईजी कानून एवं व्यवस्था सिमरदीप सिंह ने फीडबैक प्रणाली पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिलों की संतुष्टि दर का तुलनात्मक विश्लेषण किया। जिन जिलों की संतुष्टि दर कम रही, उन्हें तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

# पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ अभय चौटाला के फॉर्म हाउस में शिफ्ट हुए

**चंडीगढ़।** देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के दिल्ली के छतरपुर स्थित फार्म हाउस में शिफ्ट हो गए हैं। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने अभय चौटाला के फार्म हाउस में एंट्री ली। धनखड़ ने अपना सरकारी आवास खाली कर दिया है। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था, 'ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त, 2027 में रिटायर हो जाऊंगा।' धनखड़ के अभय चौटाला के फार्म हाउस में शिफ्ट होने बाद अभय ने कहा कि जगदीप धनखड़ शाम करीब 6 बजे उनके आवास में शिफ्ट हुए हैं। यह घर जगदीप धनखड़ का ही घर है। वह जब तक चाहें, यहां रह सकते हैं।

### धनखड़ ने कहा था

### मैं ताऊ देवीलाल का शिष्य रहा हूं



सिरसा में 6 महीने पहले बतौर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहुंचे थे। उन्होंने यहां ओढ़ा स्थित माता हरकी देवी कॉलेज के दीक्षांत समारोह में शिरकत की थी। इस दौरान उन्होंने पूर्व उपप्रधानमंत्री दिवंगत चौधरी देवीलाल को अपना राजनीतिक गुरु बताया था और कहा था- आज मैं जो कुछ भी हूं, मेरी हैसियत चौधरी देवीलाल के साथी की नहीं हो सकती। मैं तो उनके चरणों में रहा हूं। मेरी राजनीतिक शिक्षा-दीक्षा चौधरी देवीलाल के चरणों से शुरू हुई है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी

मुकदमा नं. 85 दि. 23.05.2025 धारा 127 (6) BNS थाना सदर रेवाड़ी

गुमशुदा की पहचान:-



नाम- मन्जु बाला पत्नी जितेन्द्र सिंह, निवासी- घासेडा
थाना सदर जिला रेवाड़ी
हुलिया-
उम्र 39 साल कद- 5'4" फुट, रंग साँवला, लम्बुतरा चेहरा, मधय्म शरीर जिसने घीया कलर की सलवार व लाल रंग का सुट वा पैरों में काले रंग की लेडिज चप्पल पहनी हुई है जो दिनांक-21.05.2025 को शाम 4.00 बजे से घर से निकली थी। जिस संबंध मे मुकदमा नं. 85 दि. 23.05.2025 धारा 127(6) BNS थाना सदर रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

सम्पर्क नम्बर-
1. अनुसंधानकर्ता - 9992341790
2. प्रबंधक अफसर सदर रेवाड़ी- 7056666123
3. थाना सदर रेवाडी- 01274-222621
4. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी

मुकदमा नं. 135 दि. 21.08.2025 धारा 127 (6) BNS थाना सदर रेवाड़ी

गुमशुदा की पहचान:-



नाम- नरेश पुत्र रामेश्वर, निवासी भगवानपुर
थाना सदर जिला रेवाड़ी
हुलिया-
उम्र 55 साल, कद- 5'7" फुट, रंग साँवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर जिसने काला लोवर व सफेद शर्ट पहने हुये है। जो दिनांक 08.05.2025 को शाम 01.30 बजे से घर से निकला था। जिस संबंध मे मुक्दमा नं. 135 दि. 21.08.2025 धारा 127 (6) BNS थाना सदर दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

सम्पर्क नम्बर-
1. अनुसंधानकर्ता - 9992341790
2. प्रबंधक अफसर सदर रेवाडी- 7056666123
3. थाना सदर रेवाडी- 01274-222621
4. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच-1084/11/3789/2026/37993/88/6 दि. 01.09.25


# अब प्रदेश में पैर पसार रही बीमारी, डेंगू के 365 और मलेरिया के 105 मामले आए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में भारी बारिश और जलभराव के बाद में अब डेंगू मलेरिया ने पैर पसारने की शुरुआत कर दी है। स्वास्थ्य विभाग निदेशालय ने सोमवार को प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को एडवाइजरी जारी कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार डेंगू के 365 और मलेरिया के 105 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले साल प्रदेश में डेंगू से जहां नौ लोगों की मौत हुई थी। लोगों को जागरूक करने और अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता बनाने के निर्देश दिए हैं। सीजन के दौरान रेवाड़ी जिले में जहां सबसे अधिक डेंगू मरीज सामने आए हैं, भिवानी जिला ही इस तरह का जिला है, जहां पर डेंगू का कोई भी केस नहीं आया है।



### किस जिले में कितने केस

| जिला | मरीज |
|---|---|
| अंबाला | 4 |
| चरखी दादरी | 9 |
| फरीदाबाद | 8 |
| फतेहाबाद | 1 |
| हिसार | 10 |
| झज्जर | 14 |
| जींद | 9 |
| करनाल | 9 |
| कुरुक्षेत्र | 5 |
| महेंद्रगढ़ | 10 |
| नूंह | 5 |
| पलवल | 2 |
| पानीपत | 13 |
| सिरसा | 3 |
| यमुनानगर | 15 |

### रेवाड़ी में सबसे ज्यादा मरीज

इस बार अभी तक कोई मौत रिपोर्ट नहीं की गई है। प्रदेश में चिकनगुनिया के भी चार मामले सामने आ चुके हैं। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के रेवाड़ी में सबसे अधिक डेंगू मरीज सामने आए हैं। रेवाड़ी जिले में डेंगू के 107 मामले दर्ज किए हैं। गुरुग्राम 49, पंचकूला 17 और करनाल 26, सोनीपत में 25 और रोहतक में 24 मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मामलों में बढ़ोतरी के कारण स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है और सभी जिलों को एडवाइजरी जारी की गई है। मरीजों के सैंपल अब प्रदेश की 27 परीक्षण प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे हैं और सैंपलिंग की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

# जनता की मदद करे सरकार जल निकासी हो : सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सांसद सैलजा ने हरियाणा के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति दिनों-दिन गंभीर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार को बचाव एवं राहत कार्य में तेजी लानी चाहिए, जलभराव प्रभावित क्षेत्रों से जल निकासी का प्रबंध करना चाहिए। बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाए।

सैलजा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे बाढ़ प्रभावित और संभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों की मदद करें।सांसद सैलजा ने कहा कि लगातार बारिश और जलभराव के कारण हजारों एकड़ फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी है, जिससे किसान गहरे संकट में हैं। प्रभावित गांवों और शहरों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से तुरंत राहत कार्य तेज करने की मांग की है।



भा ज पा सरकार को तुरंत आगे आकर जनता की मदद करनी चाहिए। बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र सर्वे करवा कर उचित मुआवजा दिया जाए।

प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को राहत राशि प्रदान की जाए।

# राज्यपाल प्रो. घोष ने 5 टीबी रोगियों को अपनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

राज्यपाल हरियाणा असीम घोष और उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5 टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करके गोद लिया।

कार्यक्रम में राज्य टीबी अधिकारी डॉ. राजेश राजू और डब्ल्यूएचओ के नोमिनी डॉ. सुखवंत ने राज्यपाल को प्रदेश में चल रहे टीबी अभियान की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत करवाया। राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने



सोमवार को हरियाणा राजभवन में 'निक्षय मित्र' के रूप में पंजीकरण करवाया और 5 टीबी रोगियों को गोद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश को टीबी मुक्त अभियान में हर प्रकार की सहायता के लिए वे तैयार हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को इस अभियान में साथ आने और टीबी रोगियों व उनके परिवारों को इस बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई में समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर एक टीबी मुक्त समुदाय का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहायता कार्यक्रम -'निक्षय मित्र' को 9 सितंबर, 2022 को माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य टीबी के इलाज के दौरान पोषण, जांच और व्यावसायिक सहायता के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करके टीबी रोगियों के इलाज के परिणामों में सुधार करना है।


भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD-380015

सत्यमेव जयते

इसरो isro

**विज्ञापन सं. सैक : 01:2025 दिनांकित 02/09/2025**

सैक (इसरो) विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि विज्ञान/कृषि इंजीनियरिंग/कृषि सूचना प्रौद्योगिकी/भू-सूचना विज्ञान/सुदूर संवेदन/जीआईएस/कंप्यूटर विज्ञान/डेटा विज्ञान में परियोजना वैज्ञानिक-I (पीएस-I) और परियोजना सहयोगी-I (पीए-I) के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। आवश्यक अर्हता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन के लिए सैक की वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in का अवलोकन करें। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 02.09.2025 के 1000 बजे से 22.09.2025 के 1730 बजे तक खुला रहेगा।

CBC-49107/11/0001/2526


## बरसात के कारण प्रदेश में बिगड़ने लगे हालात, अलर्ट जारी

# जलभराव से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार भारी बारिश और जलभराव के कारण हरियाणा के कई जिलों में जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रतिनिधिमंडल का दुबई दौरे का कार्यक्रम इस कारण से टाल दिया गया है।

इसके अलावा भी कई कार्यक्रमों में बदलाव किए हैं। मुख्यमंत्री के साथ में जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का कार्यक्रम अब आगे आने वाले दिनों में बनाया जाएगा, इसके लिए फिलहाल, कोई तारीख तय नहीं है। बाढ़ और भारी बारिश को लेकर प्रदेशभर में सीएम के अन्य कई कार्यक्रमों में बदलाव की संभावनाएं हैं। राज्य में बाढ़ को लेकर हाई अलर्ट कर दिया गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बहने वाली यमुना नदी, मारकंडा शाहाबाद कुरुक्षेत्र और सिरसा, फतेहाबाद क्षेत्र में घग्गर नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके अलावा भी बरसाती नदियों और नालों में पानी भरा हुआ और ओवरफ्लो वाले हालात बने हैं। राज्य के अंदर कई विभागों में छुट्टियां रद् कर दी गई हैं। कर्मियों और अधिकारियों के स्टेशन छोड़कर जाने पर रोक लगाई गई है।

### सीएम ने कई कार्यक्रम रद किए



प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सीपीएस सीएम और मंत्री राव नरबीर अन्य कई अधिकारी इस बाहर जाने वाले थे। एक सितंबर से पांच तक चलने वाले इस दौरे के दौरान गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी को दुबई और सिंगापुर की तर्ज पर विकसित करने की योजना के साथ ही कुछ अन्य अहम विषयों के लेकर विचार मंथन होना था। बहरहाल, यह फिलहाल टल गया है, लेकिन आने वाले दिनों में नए सिरे से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहले एक प्रतिनिधिमंडल एक से तीन सितंबर तक जबकि बाद में इसे बदलाव कर पांच सितंबर तक कर दिया गया था। मुख्यमंत्री के दुबई दौरे से गुरुग्राम परियोजना को गति मिलने की उम्मीद थी। निवेशकों को आकर्षित करने और सुविधाएं देने की योजना पर भी वहां व्यापारी, उद्योगपति वर्ग को बताना था।

### भारी बारिश की चेतावनी

# हरियाणा में फील्ड अफसरों को मुख्यालय पर रहने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने भारी बारिश की चेतावनी के बीच सभी फील्ड अधिकारियों को मुख्यालय पर बने रहने और पांच सितम्बर तक कड़ी निगरानी रखने के निर्देश निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी सभी मंडल आयुक्तों, रेंज आईजीपी, एडीजीपी, उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा सब-डिवीजन मजिस्ट्रेट को लिखे एक पत्र में कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा आगामी दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है और स्थानीय स्तर पर बाढ़ की आशंका भी जताई गई है। इसलिए इस अवधि में मुख्य सचिव या गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर पर स्वीकृति के बिना, किसी भी अधिकारी को अवकाश की अनुमति न दी जाए।

■ मुख्य सचिव स्तर पर स्वीकृति के बिना, किसी भी अधिकारी को अवकाश नहीं मिलेगा


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 27-अम्बाला/2025-26 दिनांक 01.09.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई /डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी के खंड में रेल विहार कॉलोनी (चरण-III) में मौजूदा एसटीपी का विस्तार। | 2,81,95,542 | 2,91,000 | 06 महीने | 23.09.2025 |
| 2 | बरवाला (बीएक्ससी) में 3 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान। | 79,24,553 | 1,58,500 | 08 महीने | 23.09.2025 |
| 3 | एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों में खराब हो चुके दरवाजों और खिड़कियों, फर्श, प्लास्टर की मरम्मत। | 1,52,66,522 | 2,26,300 | 06 महीने | 23.09.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन / I/ यूएमबी के अधीन पुरानी रेल विहार कॉलोनी अंबाला कैंट और चंडीगढ़ कॉलोनी में सड़कों का सुधार। | 1,42,50,103 | 2,21,300 | 03 महीने | 23.09.2025 |
| 5 | एडीईएन/सीडीजी के अधीन एसएसई/पी. वे/सीडीजी/आईसी अनुभाग में रिलीज किए गए स्लीपरों को सीमा चौकियों के रूप में स्थापित करना तथा विभिन्न विविध ट्रैक रखरखाव कार्य। | 85,68,251 | 1,71,400 | 06 महीने | 23.09.2025 |
| 6 | (01) एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/पी.वे/यूएमबी के खंड में रिलीज किए गए स्लीपरों को सीमा चौकियों के रूप में लगाना और विभिन्न विविध ट्रैक रखरखाव कार्य और (02) एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/पीडब्ल्यू/यूएमबी के खंड में यूएमबी-एसआरई, यूएमबी-एमओवाई, यूएमबी-डीकेटी और यूएमबी-यूबीसी खंड की दिशा में अंबाला कैंट यार्ड के पहुंच मार्गों पर कूड़ा उठाना। | 1,15,27,893 | 2,07,600 | 08 महीने | 23.09.2025 |
| 7 | एडीईएन/सीडीजी के अंतर्गत सीडीजी-एमआरएनडी खंड पर पीक्यूआरएस द्वारा टीएसआर (पी) 20 किमी। | 2,09,87,871 | 2,54,900 | 08 महीने | 23.09.2025 |

**नोट :-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2643/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### जिला कारागार में बंदी से मोबाइल बरामद

**जींद।** जिला कारागार में लड़ाई झगड़े में बंद बंदी से तलाशी के दौरान मोबाइल फोन बरामद हुआ है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर बंदी के खिलाफ परिजनर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जेल उपाधीक्षक विक्रम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव गुलकनी निवासी सुमित लड़ाई झगड़े के मामले में जेल में बंद है। उन्हें सूचना मिली थी कि बंदी सुमित के पास मोबाइल फोन है। जिसके आधार पर सुमित की बैरक में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से डबल सिम का मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिसमें एक सिम डली हुई थी। जिसे जेल वार्डनों ने कब्जे में ले लिया। जेल में मोबाइल कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है।

### महिला से छेड़छाड़ के आरोप में दो नामजद

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने रास्ता रोककर एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थाना पुंडरी के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 जुलाई को जब वह गांव से गुजर रही थी तो मुंडडी के सतबीर और ईश्वर ने उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसके द्वारा उनका विरोध किया गया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्द भी कहे। मामले के जांच अधिकारी डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली नियंत्रक उपकरण से गाय को करंट लगा



**कनीना।** बारिश के मौसम में जमीन से सटाकर रखे गए बिजली नियंत्रक के संपर्क में आने से सोमवार को एक गाय की मौत हो गई। कनीना में गाहडा रोड पर बिजली नियंत्रक उपकरण बिल्कुल जमीन से सटाकर रखे हुए हैं। जिनसे हादसा होने की संभावना रहती है। सोमवार को सुबह के समय बारिश के दौरान एक गाय बिजली नियंत्रक उपकरण के करंट की चपेट में आई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना पर गो रक्षकों व नागरिकों ने रोष जताया है। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों से बिजली नियंत्रक को जमीन से उठाकर एवं सुरक्षा कवच प्रदान कर लगाने की मांग की है। दिलचस्प बात है कि नागरिकों ने हाल ही में कनीना में आयोजित जनसभा में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के सामने भी इस समस्या को रखा था, जिन्होंने शीघ्र ही समस्या से निस्तारण का आश्वासन दिया था। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### सीएम फ्लाइंग टीम ने पुट्ठी समैण में फोटोस्टेट एंड स्टेशनरी की दुकान पर छापा मारकर पकड़ा फर्जीवाड़ा

# फोटोस्टेट की दुकान में तैयार कर रहा था योजनाओं का लाभ लेने के फर्जी दस्तावेज

जांच में कई लोगों के आधार कार्ड, जॉब कार्ड , डबल पेंशन के कागज बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

सीएम फ्लाइंग टीम ने गांव पुट्ठी समैण में सरवर पानू फोटोस्टेट एंड स्टेशनरी की दुकान पर छापा मारकर बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा है। इस दौरान टीम ने मौके से सरपंच की नकली मुहर, लेटर पैड, फर्जी हस्ताक्षरयुक्त कागजात, आधार कार्ड, जॉब कार्ड सहित कई दस्तावेज बरामद किए। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दुकान संचालक सरवर पानू ने दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले आधार कार्ड बनवा रखे हैं और इन्हीं के सहारे अलग-अलग नाम से डबल पेंशन ले रहा है। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ एसआई महेंद्र, ईएसआई बलवान, एएसआई बलवान व एचसी विजय मौजूद रहे। अचानक हुई कार्रवाई से न केवल गांव में बल्कि अन्य सीएससी संचालकों में भी हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पुट्ठी समैण स्थित सरवर पानू फर्जी तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने व दिलवाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करता है। वह कई विभागों की स्टांप भी अपने पास रखता है और लोगों को अनुचित लाभ दिलाने का काम करता है।

■ जांच में खुलासा दुकान संचालक ने दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले आधार कार्ड बनवा रखे थे और अलग नाम से डबल पेंशन ले रहा था

#### जांच में मिले फर्जी कागजात

सीएम फ्लाइंग के छापे के दौरान सोमवार को सरवर पानू मौके से गायब मिला, जबकि ऑपरेटर हरीश कुमार दुकान पर मौजूद था।

टीम ने सरपंच धर्मपाल व ऑपरेटर हरीश की मौजूदगी में जांच की। सरपंच धर्मपाल के नाम की नकली मोहर व लेटर पैड, कविता व शीतल के आधार कार्ड, सुमन बाला का स्थाई प्रमाण पत्र, पूनम, ज्योति, सोनम और सचिन के जॉब कार्ड, नरेंद्र व नीरज के नाम पर मृत्यु उपरांत अनुदान राशि प्राप्त करने के फार्म, राजबीर के नाम से आधार अपडेट का फॉर्म, जिस पर सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर व नकली स्टैंप लगी थी।

सरपंच धर्मपाल ने मौके पर ही स्पष्ट कहा कि उनके नाम से मिली मोहर और लेटर पैड फर्जी हैं। उनके हस्ताक्षर भी फर्जी तरीके से किये गए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।





#### दो आधार कार्ड, दो जन्मतिथि और डबल पेंशन

टीम को जांच में सरवर के दो आधार कार्ड मिले। पहले आधार कार्ड में जन्मतिथि 15 अगस्त 1985 दर्ज थी। दूसरे आधार कार्ड में जन्मतिथि 26 जनवरी 2000 दर्ज थी। इसके अलावा एक स्कूल द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र (15 अगस्त 1985) और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की मार्कशीट (26 जनवरी 2000) भी बरामद हुई। जब सीएम फ्लाइंग टीम ने समाज कल्याण विभाग से सरवर की पेंशन संबंधी जानकारी मांगी तो पता चला कि एक आधार कार्ड पर दो पेंशन ली जा रही हैं। इनमें एक दिव्यांग पेंशन और दूसरी निराश्रित पेंशन शामिल है। दोनों योजनाओं में नाम अलग-अलग दर्शाए गए थे। आशंका जताई जा रही है कि फर्जी दस्तावेजों की मदद से डबल पेंशन बनवाई गई। जिससे सरकार को राजस्व की हानि हुई है।

#### पुलिस ने दर्ज किया केस

फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद टीम ने पूरी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी सरवर पानू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सभी सीएससी संचालकों को सरकार द्वारा तय नियमों के तहत ही कार्य करना चाहिए। किसी भी तरह की फर्जी मोहर, हस्ताक्षर, लेटर पैड या दस्तावेज तैयार करना, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, फैमिली आईडी, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र या अन्य कागजातों में छेड़छाड़ करना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों से न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान होता है बल्कि ग्रामीण भी परेशानी में पड़ते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायत मिलते ही दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## साढ़े तीन साल की मासूम से हैवानियत, प्राइवेट स्कूल वैन का चालक गिरफ्तार

बच्ची को असहज देख टीचर ने मां को फोन पर दी जानकारी

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा अंतर्गत एक प्राइवेट स्कूल की वैन के चालक ने साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। थाना रामपुरा पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करने के बाद वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के एक स्कूल में जाने वाली साढ़े तीन साल की बच्ची स्कूल पहुंचने पर खुद को असहज महसूस कर रही थी। बच्ची की टीचर ने उसकी मां को फोन पर इस बारे में बताया। इसके बाद बच्ची की मां ने उससे पूछताछ की तो उसने वैन चालक की करतूत के बारे में अपनी मां को बताया। इसके बाद बच्ची की मां ने रामपुरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी वैन चालक के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत केस दर्ज करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ विद्यासागर ने बताया कि मां की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे काबू किया गया है।

### बर्थडे मनाने यमुना किनारे पहुंचे दो दोस्तों की डूबने से मौत

फरदाबाद। किड़ावली गांव में यमुना नदी किनारे जन्मदिन की पार्टी करने आए दो युवक डूब गए। उनके दोस्तों ने इसकी सूचना अपने परिजन व पुलिस को दी। एसडीआरएफ की टीम दोनों युवकों को नदी में तलाश कर रही है लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। स्थानीय भूपानी पुलिस की टीम भी नदी किनारे मौजूद है। पुलिस के अनुसार दिल्ली के मीठापुर में रहने वाले आयुष का रविवार को जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए वह अपने दोस्त धर्मेन्द्र और छह अन्य के साथ फरीदाबाद के किड़ावली गांव आया हुआ था। इसी गांव किनारे यमुना नदी बहती है। सभी दोस्त नदी किनारे पार्टी करने लगे। केक काटा गया। इसके बाद कीचड़ में मस्ती कर रहे थे। आयुष व धर्मेन्द्र नदी किनारे नहाने जाने लगे, तभी उनका पैर फिसल गया और दोनों डूबने लगे। पानी का बहाव तेज था, इसलिए बाकी छह दोस्त कुछ न कर सके। चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण आए लेकिन तब तक दोनों का कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद भूपानी थाना पुलिस को सूचित किया गया।

## ज्योति मल्होत्रा की डिफॉल्ट बेल पर अदालत आज देगी फैसला

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में जेल में बंद यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की डिफॉल्ट बेल पर अदालत मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगी। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को अदालत में अपना पक्ष रखा और दो केसों का हवाला देकर ज्योति की बेल का विरोध किया। पुलिस ने सीबीआई वर्सेज कपिल वधावन और दिल्ली हाईकोर्ट का इरफान वर्सेज स्टेट मामलों को कोर्ट में रखकर कहा कि इन केसों में भी डिफॉल्ट बेल नहीं दी गई थी। इस पर ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने कहा कि यह केस इन केसों से अलग है और इसमें तो पुलिस ने खुद माना है कि उनकी जांच अभी पूरी नहीं हुई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह इस पर कल फैसला देंगे।

#### चार्जशीट पर पेंच फंसा



इससे पहले ज्योति की 25 अगस्त कोर्ट में पेश हुई थी और उन्हें चालान रिपोर्ट दी जानी थी, लेकिन पुलिस ने तीन बार एप्लीकेशन लगाकर चार्जशीट देने का विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने एप्लीकेशन पर वकील से जवाब मांगा और वकील ने डिफॉल्ट बेल लगाई, यह आरोप लगाते हुए कि पुलिस ने जांच पूरी किए बिना चार्जशीट दायर की। उधर, ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने बताया कि कानून के हिसाब में 14 अगस्त को पुलिस ने ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ जांच पूरी कर ली थी। अगर 14 अगस्त तक पुलिस जांच पूरी नहीं करती तो 15 अगस्त को ज्योति को रिहा होना था।

## कनाडा भेजने का झांसा देकर दंपति से सात लाख ठगे, केस

**कैथल।** कैथल के गांव मटौर में पति-पत्नी को विदेश भेजने के नाम पर तीन आरोपियों ने 7 लाख रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने दोनों को कनाडा भेजने का झांसा दिया था, लेकिन मलेशिया भेज दिया। वहां से वापस आने बाद पैसे मांगने तो देने से इनकार कर दिया है। मटौर गांव के फूल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे व बेटे की पत्नी को विदेश भेजना चाहता है। इस संबंध में उसने अप्रैल में गांव के ही सत्यवान, संजय और उसकी पत्नी परमजीत कौर ने बातचीत की। उन्होंने कहा कि वे उसके पुत्र व पुत्रवधु को विदेश भेज देंगे। इस पर उसने सहमति दे दी। फूल सिंह ने कहा कि उसके बाद आरोपियों ने उससे अप्रैल से जून तक अलग-अलग समय में 7 लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद आरोपियों ने कहा कि वे जल्द ही दोनों को विदेश भेज देंगे। उन्होंने दोनों को मलेशिया भेज दिया और जल्द आगे भेजने की बात कही। काफी इंतजार के बाद भी जब उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया तो उसने तीनों से बातचीत की। इस पर आरोपी पहले तो उसके बेटे व पुत्रवधु को जल्द विदेश भेजने का आश्वासन देते रहे, लेकिन बाद में मना कर दिया। जब उन्होंने रुपए वापस मांगे तो वे रुपए देने से भी मुकर गए। ऐसा करके आरोपियों ने उनके साथ धोखाधड़ी की।

## टीवी का रिमोट तोड़ने पर मां ने डांटा तो सातवीं का छात्र ट्रेन पकड़कर पहुंच गया पटियाला

**यमुनानगर।** शहर की लाजपत नगर कॉलोनी में टीवी का रिमोट तोड़ने पर मां की डांट से नाराज हुआ सातवीं कक्षा का छात्र घर से भाग गया। वह अकेला ही अपने दादा-दादी के पास उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जाना चाहता था। लेकिन गलत ट्रेन पकड़कर वह अकेला ही पटियाला पहुंच गया। बच्चे के लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मगर आरपीएफ की टीम ने बच्चे को सकुशल उनके परिजनों तक पहुंचाया। बच्चे के पिता धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला है। फिलहाल वह यमुनानगर के लाजपत नगर में रह रहा है और फैक्ट्री में काम करता है। उसके पास तीन बच्चे हैं। जिनमें सबसे बड़ा 13 वर्षीय बेटा हरीश गुप्ता सातवीं कक्षा में पढ़ता है। उसने बताया कि हरीश रविवार को घर पर था और टीवी देख रहा था। इस दौरान उससे टीवी का रिमोट टूट गया। जिस पर उसकी मां ने उसे जरा सा डांट दिया।

#### सीआरपीएफ की टीम ने वापस भेजा

डांट के बाद हरीश घर ही था लेकिन दोपहर ढाई बजे वह अचानक से घर से अचानक लापता हो गया। उन्होंने इस बारे में तुरंत यमुनानगर सिटी थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। लेकिन देर रात तक कुछ पता नहीं चल पाया। उन्हें रात करीब 12 बजे सीआरपीएफ की तरफ से कॉल आई कि उसका बेटा उनके पास है। वह तुरंत यमुनानगर रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां पर वेरिफिकेशन करके आरपीएफ ने बेटे हरीश को उसके हवाले कर दिया। पूछताछ में हरीश ने बताया कि वह नाराज होकर गोरखपुर में अपनी दादी के पास जाना चाहता था लेकिन वह गलत ट्रेन में बैठ गया। जिस कारण वह पटियाला पहुंच गया। पटियाला में ट्रेन में उसने किसी व्यक्ति से पूछा कि गोरखपुर कितनी देर में आएगा तो उसने बताया कि वह गलत ट्रेन में चढ़ गया है। इस पर उक्त व्यक्ति ने उसे अकेला पाकर सीआरपीएफ के हवाले कर दिया। जहां से पुलिस ने उसे यमुनानगर वापस भेज दिया।

## तोशाम में व्यापारी से 50 लाख की रंगदारी मांगी

**तोशाम।** तोशाम निवासी एक व्यापारी से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने तथा पैसे ना देने पर गोली से उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़ित व्यापारी ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को दी है। तोशाम निवासी व्यापारी रोशन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तोशाम के मैन चौक में ग्रेन मर्चेंट का व्यवसाय करता है। गत 30 अगस्त को शाम करीबन 3 बजकर 55 मिनट पर पहले व्हाट्सएप पर एक मिस कॉल आई तथा तुरंत बाद एक मैसेज आया, जिसमें आरोपी ने लिखा था कि रोशन सेठ 50 लाख रुपए तैयार कर ले अगर जिंदगी जीनी है तो नहीं फिर अपने राम के नाम ले भगवान बचा सके तने और कोई न 15 दिन का टाइम है या तो पैसे तैयार रख ना फिर अपनी मौत का इंतजार कर अगर पैसे नहीं मिले तो गोली आएगी।

#### 15 दिन का टाइम है, पैसे तैयार रखना

बदमाश बोला , दुकान में भी और मार्केट में भी ठीक है अगर यह लगे की पुलिस तुझे बचा लेगी तो मेरा नाम कहीं पता कर लिए मेरे बारे में पुलिस में जागा तो वहां भी पता चल जाएगा, समझ गया तने जो सही लगे वह कर लिए पैसे देगा या गोली लेगा तेरे हाथ में है, मौत तेरे पास आ रही है बस उसने हम पीछे हटा सका हां। पीड़ित ने बताया कि इस मैसेज के करीबन 2 मिनट पश्चात आरोपी के नंबर से ही दो बार मिस कॉल आई फिर करीबन 4 बजे आरोपी ने वही मैसेज दोबारा रिपीट किया। इसके बाद फिर से 4 बजकर 5 मिनट पर दोबारा व्हाट्सएप पर कॉल आई तो सेठ रोशन लाल ने फोन उठाया तो आरोपी ने कहा कि रोशन सेठ 50 लाख रुपए तैयार कर ले और 15 दिन का समय है रुपए तैयार रखना नहीं तो अपनी मौत का इंतजार करना।

## नीमका जेल के सहायक जेल अधीक्षक व हेड वार्डन को गोली से उड़ाने की धमकी

**फरीदाबाद।** जिला जेल नीमका के हेड वार्डर और सहायक जेल अधीक्षक को एक बंदी ने गोली से उड़ाने की धमकी दी है और हेड वार्डर की ड्यूटी के दौरान वर्दी भी फाड़ दी। जेल के हेड वार्डर देवी सिंह ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास बंदियों को टेलीफोन से कॉल करके घर बात कराने वाले बूथ का इंचार्ज आया।

#### बंदी ने धक्कामुक्की के बाद दी धमकी

उसने बताया कि पलवल जिला के थाना चांदहट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिल्क गानिकी गांव का रहने वाला जेल में बंद बंदी ललित उर्फ ललति फोन पर बात करने के लिए शोर-शराबा कर रहा है। बूथ इंचार्ज की बात सुनने के बाद उसने बंदी को अपने पास बुला लिया। वह उसे समझा रहा था कि तभी उसने उसकी वर्दी फाड़ दी और धक्का-मुक्की की। मौके पर शोर को सुनकर जेल के सहायक अधीक्षक उमेश कुमार आ गए। तभी गार्द कर्मियों के सामने ललित ने उसे और जेल के सहायक अधीक्षक उमेश कुमार को गोली से उड़ाने की धमकी दी है। थाना सदर पुलिस ने हेड वार्डर की शिकायत पर बंदी ललित उर्फ ललति के खिलाफ सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने, सरकारी ड्यूटी के दौरान वर्दी फाडने तथा धक्का-मुक्की करने व जान से मारने की धमकी दी।

### उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस कर्मचारी सम्मानित

**फरीदाबाद।** पुलिस कर्मचारियों द्वारा ड्युटी के दौरान सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने पर उनकी हौसला अफजाई के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा उनको सम्मानित किया जाता रहा है। इसी प्रकार सराहनीय कार्य करने वाले प्रधान सिपाही संदीप व सिपाही पुनित कुमार क्राईम ब्रांच सैंट्रल को पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता ने प्रशंसा पत्र व 2000 रुपये राशि देकर सम्मानित किया है पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रधान सिपाही संदीप क्राईम ब्रांच सैंट्रल ने धोखाधडी के एक मामले में सराहनीय कार्य किया।

### रोग ने देसी के बाद अब अमेरिकन कपास को भी संक्रमित करना शुरू किया

# हकृवि के वैज्ञानिकों ने अमेरिकन कपास फ्यूजेरियम विल्ट रेस-4 की पहचान की

**हिसार।** फ्यूजेरियम विल्ट रोग रेस-4 जो देसी कपास (डिप्लॉयड) को प्रभावित कर रही थी, उसने अब अमेरिकन कपास (टेट्राप्लॉयड) को भी संक्रमित करना शुरू कर दिया है। इस वायरस की पहचान करने में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पहली बार रेस-4 का प्रकोप टेट्राप्लॉयड कपास में दर्ज किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के निर्देशानुसार वैज्ञानिकों ने इस रोग के प्रबंधन का कार्य शुरू कर दिया है वे जल्द ही इस दिशा में कामयाब होंगे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने वैज्ञानिकों की इस खोज पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलती कृषि की चुनौतियों के बीच फसलों में उभरते खतरों की समय पर पहचान करना बेहद जरूरी है।

#### अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन ने दी मान्यता



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को उनकी इस महत्वपूर्ण खोज के लिए अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी है। यह खोज इतनी महत्वपूर्ण है कि इसे प्रतिष्ठित 'प्लांट डिजीज जर्नल' में प्रथम शोध रिपोर्ट के रूप में प्रकाशित किया गया है। इस जर्नल को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी द्वारा 10.4 की उच्चतम रेटिंग मिली हुई है, जो इसे पौधों की बीमारियों पर शोध के लिए दुनिया के सबसे बेहतरीन वैज्ञानिक प्रकाशनों में से एक बनाती है। यह उपलब्धि न केवल हकृवि के वैज्ञानिकों के काम की गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि उन्हें इस क्षेत्र में भारत के पहले शोधकर्ता होने का गौरव भी प्रदान करती है।

#### मिट्टी में होने वाला फफूंदजनित रोग

इस शोध के मुख्य शोधकर्ता डॉ. अनिल कुमार सैनी के अनुसार फ्यूजेरियम विल्ट एक मिट्टी में होने वाला फफूंदजनित रोग है। इसे हमें उखेड़ा रोग के नाम से भी जानते हैं। यह रोग कपास में दो तरीका से आता है एक सूत्रकृमि और दूसरा बिना सूत्रकृमि। यह रोग हल्की मिट्टी के एरिया में ज्यादा देखा गया है। बारिश के दिनों में यह रोग पानी के जरिए मूव करता है। पहले यह रोग सिर्फ देसी कपास में आता था, लेकिन अब अमेरिकन कपास में भी पाया गया है।

### रेवाड़ी के नंगली गोधा में सनसनीखेज वारदात, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

# ठेके पर कमिशन न देने पर झगड़ा ग्राहक ने सेल्समैन का गला घोंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नंगली गोधा में शराब ठेके के सेल्समैन ने ग्राहक को कमिशन देने से मना किया, तो ग्राहक ने सेल्समैन की गला घोंटकर हत्या कर दी। इससे पूर्व दोनों के बीच काफी संघर्ष हुआ। थाना रामपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बधराणा निवासी लगभग 52 वर्षीय रघुनाथ अविवाहित था। वह नंगलीगोधा के भाड़ावास रोड पर 30 अगस्त को ही एक शराब के ठेके पर सेल्समैन लगा था। बधराणा का ही रहने वाला श्यामसुंदर ठेके पर शराब लेने के लिए गया था। वहां उसने शराब खरीदने पर रघुनाथ से कमिशन देने के लिए कहा। बताया जा रहा है कि रघुनाथ ने कमिशन देने से मना कर दिया। इसके बाद श्यामसुंदर ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। दोनों के बीच काफी देर तक झगड़ा हुआ, जिसमें श्यामसुंदर को भी चोट लगी। इसके बाद श्यामसुंदर ने रघुनाथ के गले में लिपटे तौलिए से उसका गला घोंट दिया। रघुनाथ की मौके पर ही मौत हो गई।

#### दोनों के बीच जमकर संघर्ष



एक प्रत्यक्षदर्शी नंगलीगोधा निवासी विशाल ने पुलिस को बताया कि सुबह के समय जब वह मोर्निंग वाक के लिए निकला तो रघुनाथ व श्यामसुंदर के बीच झगड़ा हो रहा था। रघुनाथ के हाथ में कुल्हाड़ा था। वह श्यामसुंदर का पीछा कर रहा था। इसके बाद श्यामसुंदर ने मौका पाकर गले में लिपटे तौलिए से रघुनाथ का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया

रघुनाथ को ठेके पर सेल्समैन लगवाने वाले उसी के गांव के योगेश ने मृतक के परिजनों और पुलिस को उसका शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन और रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराते हुए उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के भाई शुभनाथ के बयान पर श्यामसुंदर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।




# बारिश, बाढ़, भूस्खलन से भारी तबाही : जम्मू-कश्मीर, पंजाब हिमाचल और उत्तराखंड में हालात खराब, सड़कें बंद, कई मौतें

- केदारनाथ नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड से दो यात्रियों की मौत और छह घायल
- चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी
- शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में लैंडस्लाइड से 4 लोगों की जान गई
- पंजाब के फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन सहित नौ जिलों में बाढ़

## नेशनल हाईवे बंद, हर तरफ जलभराव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं।

### हिमाचल में अब तक 320 की मौत

20 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से हिमाचल प्रदेश में 320 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें से 166 लोग भूस्खलन, बाढ़, बादल फटने, डूबने, बिजली के झटके और 154 सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए हैं। राज्य में अब तक 3 हजार करोड़ की संपत्ति नष्ट हो गई है। वहीं, सिरमौर जिले के ददाहू में गिरी नदी उफान पर है। लोगों को घर खाली करने के आदेश दिया गया है।



### पंजाब में स्कूल-कॉलेज 3 सितंबर तक बंद

पंजाब में बाढ़ के चलते स्कूलों के साथ अब सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी भी 3 सितंबर तक बंद रहेंगे। पंजाब सरकार ने सोमवार को राज्य भर में लगातार हो रही बारिश के कारण सभी कॉलेज, यूनिवर्सिटी और पॉलिटेक्निक संस्थान बंद रखने का आदेश जारी किया। लुधियाना में छत गिरने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। सुखना लेक से भी लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके बाद घग्गर का जलस्तर बढ़ा है।



### गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने जम्मू के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र का ताबड़तोड़ दौरा किया। उनके साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। पंजाब के 9 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला शामिल हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं।



### दिल्ली : भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी, न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री कम

दिल्ली में सोमवार को भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, सुबह और दोपहर के समय गरज के साथ तेज बारिश हो सकती है। शहर में आज सुबह न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 2.8 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। दिल्ली में पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। कई इलाकों में जलभराव से आमजन की समस्या बढ़ गई है। यातायात और रेल सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।



### छत्तीसगढ़ : लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बहने से युवक की मौत

छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बस्तर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। बाकी जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। बिजली गिरने की भी आशंका है। रायपुर समेत कई जिलों में सुबह से बादल छाए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले 3 दिनों में पूरे प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। कई जगहों पर मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। बारिश का असर डोंगरगढ़ में और भी खतरनाक साबित हुआ। यहां उफनते नाले में बहने से एक युवक की मौत हो गई।



### हिमाचल : 8 जिलों में कल स्कूल-कॉलेज बंद, पांच तक सभी ट्रेन रद्द, आपदा घोषित

हिमाचल प्रदेश में अगले 16 घंटे के दौरान भारी बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए शिमला, सोलन, चंबा, ऊना, किन्नौर, हमीरपुर, बिलासपुर और कुल्लू के शिक्षण संस्थान कल यानी 2 सितंबर को भी बंद रहेंगे। इन जिलों में टीचरों को ऑनलाइन कक्षाएं लगानी होगी। आज भी 11 जिलों में शिक्षण संस्थानों में छुट्टी रही। लैंडस्लाइड को देखते हुए कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर 5 सितंबर तक सभी ट्रेनों को रद्द कर दिया है। आज भी कोटी से कनोह रेलवे स्टेशन के बीच जगह-जगह मलबा गिरा। इससे रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा है।



**206**
**मीटर के स्तर तक पहुंचने का अनुमान**

रेलवे पुल (ओआरबी) पर यमुना का जलस्तर 204.87 मीटर तक पहुंच गया। दिल्ली के लिए चेतावनी का निशान 204.50 मीटर और खतरे का निशान 205.33 मीटर है।

### यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा, सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और मंगलवार शाम तक इसके 206 मीटर के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसके मद्देनजर प्राधिकारियों ने बाढ़ क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी है। हथिनीकुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण सोमवार अपराह्न 12 बजे पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर यमुना का जलस्तर 204.87 मीटर तक पहुंच गया। दिल्ली के लिए चेतावनी का निशान 204.50 मीटर और खतरे का निशान 205.33 मीटर है और जलस्तर 206 मीटर पहुंचने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया जाता है। दिल्ली के छह जिलों के निचले इलाकों में लगभग 15,000 लोग रहते हैं, जबकि लगभग 5,000 लोग बाढ़ क्षेत्र में रहते हैं। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के खतरों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु के रूप में कार्य करता है।



**21**
**टन राहत सामग्री प्रदान की गई**

वायुसेना के हेलीकॉप्टर सहित कुल 47 टुकड़ियों को सक्रिय किया गया है। साथ ही इंजीनियर, चिकित्सा और संचार संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### जम्मू, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में 5,000 से अधिक नागरिकों को बचाया : सेना

**चंडीगढ़ (भाषा)।** बाढ़ से प्रभावित जम्मू, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 5,000 से अधिक नागरिकों को बचाया गया और 21 टन राहत सामग्री प्रदान की गई। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की पश्चिमी कमान बाढ़ प्रभावित राज्यों में व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियान संचालित कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि तत्काल राहत पहुंचाने के लिए सेना विमानन और भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर सहित कुल 47 टुकड़ियों को सक्रिय किया गया है। अधिकारी ने कहा कि साथ ही इंजीनियर, चिकित्सा और संचार संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सेना ने 16 अगस्त को अभियान शुरू किया था।

कर्नल अरोड़ा ने कहा, ''जवानों, अभियंताओं, चिकित्सा टुकड़ियों, विमानन परिसंपत्तियों को जिंदगियों की रक्षा करने और आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए अल्प सूचना पर जुटाया गया है।''



---

## 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ याचिका खारिज, तर्कों को नकारा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की शुरुआत को चुनौती दी थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लाखों वाहन चालकों को एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि उनके वाहन इसके लिए डिजाइन नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में उठाए गए तर्कों को खारिज कर दिया। याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

## 15 दिन की 'वोट अधिकार यात्रा' का समापन
## राहुल गांधी बोले- एटम बम से बड़ा 'हाइड्रोजन बम' आएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ होशियार हो जाओ भाजपा वालों

15 दिन की वोट अधिकार यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की। हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डेटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। आपने एटम बम का नाम सुना है?



## भाजपा ने धर्मस्थल चलो रैली निकाली
## कर्नाटक में 'बड़ी साजिश' की एनआईए या सीबीआई जांच हो

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में इन दिनों धर्मस्थल मामले की चर्चा है। अब भाजपा ने दावा किया है कि इस मामले में बहुत बड़ी साजिश हुई है और एनआईए या सीबीआई द्वारा इसकी जांच की जाए। भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने धर्मस्थल मामले में सनातन धर्म के प्रमुख धर्मस्थल को बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक और अन्य ने धर्मस्थल चलो रैली निकाली।



### एसआईटी ने यहां केवल झूठा प्रचार किया

रैली से पहले, भाजपा नेताओं ने मंजूनाथ मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के धर्माधिकारी (संरक्षक) वीरेंद्र हेगड़े से भी मुलाकात की। भगवान मंजूनाथ के सभी भक्तों की यही मांग है। एसआईटी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह से झूठा प्रचार किया गया है।

## मुख्यमंत्री ममता ने लगाए गंभीर आरोप
## तृणमूल के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अनैतिक, अलोकतांत्रिक

सेना ने हमारी पार्टी के मंच को कर दिया कथित तौर पर ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल-तृणमूल कांग्रेस राज्य के प्रवासियों का 'उत्पीड़न' होने के विरोध में आवाज उठा रही है। कोलकाता में प्रदर्शन के लिए टीएमसी का मंच तैयार किया जा रहा था, जिसे सेना ने कथित तौर पर ध्वस्त कर दिया। ममता ने सेना के इस कदम को अनैतिक और अलोकतांत्रिक करार दिया। ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल प्रवासियों के 'उत्पीड़न' के विरोध में बनाए गए टीएमसी के मंच को सेना द्वारा ध्वस्त कराने के पीछे भाजपा का हाथ है।



### सेना से तटस्थ रहने की अपील

ममता ने कहा कि मंच को हटाने से पहले सेना को कोलकाता पुलिस से परामर्श करना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, मैं सेना को दोष नहीं देती, बस उनसे अपील करती हूं कि वे तटस्थ रहें। कठपुतली न बने।

### खाद्य सुरक्षा पर ममता के दावे गरीबों के साथ क्रूर मजाक



**नई दिल्ली।** कोलकाता के खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के दावे पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि यह गरीबों के साथ क्रूर मजाक है और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े ममता सरकार के दावों को पूरी तरह गलत साबित करते हैं।

## गडकरी के बयान से सियासत गरमाई, इशारों में दी सीख
## जाति-धर्म की राजनीति छोड़ो, व्यक्ति की पहचान उसके काम और चरित्र से होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में जाति और धर्म आधारित राजनीति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में किसी की पहचान किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों और कर्मों से होती है। गडकरी ने सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में ये बयान दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें इससे वोट न मिलें, लेकिन वे जातिगत राजनीति का हिस्सा कभी नहीं बनेंगे। अक्सर लोग उनसे जाति का हवाला देकर समर्थन मांगते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने नागपुर में दीक्षांत समारोह में यह बात कही

**जो करेगा जात की बात... मैं इस पर अटल हूं**



गडकरी ने एक प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने 50,000 लोगों से कहा 'जो करेगा जात की बात, उसे कस के मारूंगा लात'। लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं। चुनाव हार जाने से जिंदगी खत्म नहीं होती। मैं इस पर अटल हूं।

**धर्म और राजनीति को लेकर बयान**

महानुभाव पंथ के सम्मेलन में गडकरी ने नेताओं से धार्मिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि धर्म को अगर सत्ता में बैठे लोगों के हाथों में सौंप दिया गया तो उसका नुकसान समाज को उठाना पड़ेगा। धर्म, समाजसेवा और राजनीति-तीनों को अलग-अलग रखना जरूरी है।

## मराठा आंदोलन के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी
## जरांगे ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया, सब सड़कें खाली करें
### उच्च न्यायालय ने प्रदर्शनकारियों को मंगलवार तक का दिया अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने कहा है कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। कोर्ट ने आगे कहा कि पूरा शहर थम गया है और दक्षिण मुंबई के महत्वपूर्ण स्थान प्रदर्शनकारियों से घिरे हुए हैं। कोर्ट ने दो सितंबर तक मुंबई की सभी सड़कें खाली कराने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने मुंबई में सामान्य स्थिति बहाल करने को कहा। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार से भी सवाल पूछे गए हैं। अदालत ने पूछा कि हालात से निपटने की क्या योजना है। आगे कहा कि कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं।



### जरांगे 29 अगस्त से अनशन पर

जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई स्थित आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

**मुंबई शहर थम सा गया**

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने विशेष सुनवाई में कहा कि प्रदर्शनकारी आंदोलन के लिए निर्धारित स्थान आजाद मैदान पर नहीं रुके हैं और उन्होंने दक्षिण मुंबई के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अवरुद्ध कर दिया है। अदालत ने कहा कि स्थिति गंभीर है और मुंबई शहर लगभग ठहर सा गया है।

### जरांगे ने चौथे दिन जल त्यागा प्रदर्शनकारियों ने लगाए नारे



डॉक्टरों ने सोमवार को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की सेहत की जांच की। जरांगे ने चौथे दिन पानी पीना भी बंद कर दिया था। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में उनकी भूख हड़ताल चौथे दिन में प्रवेश कर गई है। सीएसएमटी पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी नारे लगाते और नाचते दिखे, जिससे रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई।

चिंतन

# एससीओ में भारत ने एक तीर से लगाए दो निशानें

एससीओ समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। समिट के दौरान भारत के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। याद रहे, इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी और इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। अब भारत की कुटनीति रंग लाई है। न केवल भारत के प्रस्ताव पर मुहर लगी बल्कि आतंकवाद पोषक पाकिस्तान को करारा झटका भी लगा है। एससीओ यानि शंघाई सहयोग संगठन एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है। समिट का मतलब है संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की सालाना बैठक, जिसमें देश आपस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और अच्छे संबंध स्थापित करना है। यह संगठन मध्य एशिया में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर देता है। आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मिलकर लड़ना इसका एक प्रमुख मकसद है। इसका मकसद सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के नेताओं को एक मंच पर लाता है, जिससे वे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें और आपसी समझ को मजबूत कर सकें। यह एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को भी बढ़ावा देता है। संगठन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान सदस्य देश हैं। अब संगठन का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि पहले चीन और अब भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर हैं, लेकिन अब सम्मेलन के दौरान नरेन्द्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की गर्मजोशी देखकर पहली बार अमेरिका की घबराहट सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को अब बयान जारी करना पड़ा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि अमेरिका पहली बार प्रेशर में है और भारत जिस रणनीति पर काम कर रहा है, वो कामयाब दिख रहा है। अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रूबियो ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है, जो 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता है। कल तक भारत को गरियाने वाला अमेरिका अब रिश्तों की दुहाई दे रहा है। उनके इस बयान से साफ है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका भारत, चीन, रूस गठजोड़ से खास परेशान है। तस्वीर साफ है कि भारत ने एक तीर से दो निशाने लगा दिए हैं। एक तरफ तो समिट में पहलगांव हमले की निंदा होने और आतंकवाद को कुचलने के प्रस्ताव से पाकिस्तान को झटका लगा है, वहीं समिट की गर्मजोशी से अमेरिका सोचने को मजबूर है। इसका असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई देगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले लेने वाले ट्रंप अब क्या करते हैं।



हालात

रोहित माहेश्वरी

# नकली दवाइयों का काला कारोबार

नकली दवाओं का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाइयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथ पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थी, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने के कारण इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश की ताज नगरी आगरा में नकली दवाओं के बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। जांच में सामने आया है कि पुडुचेरी-चेन्नई में नकली दवाएं बनाकर आगरा में भंडारण कर चार राज्यों में खपायी जा रही थी। औषधि विभाग की टीम ने ऐसी आठ फर्मों की करीब 71 करोड़ की दवाएं सीज की हैं और तीन दवा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट में 40 दवा विक्रेताओं के शामिल होने के सुराग मिले हैं। दवाओं का काला कारोबार करने के लिए 15 डमी फर्म भी चिह्नित की हैं। इनके नाम पर ये कई राज्यों में कारोबार कर रहे थे। दवाओं को मंगवाने और भेजने में ये रेलवे सेवा का उपयोग कर रहे थे। पिछले साल नवंबर में आगरा के शास्त्रीपुरम इलाके में पशुओं की नकली दवाएं बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी।

नकली दवाओं का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाइयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथ पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थी, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने से इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह में समा जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

वर्ष 2024 में तेलंगाना में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी तरह अगर कैप्सूल एमोक्सिलिन का है तो उसमें सस्ती दवा पेरासिटामोल भरी हुई थी। इसी तरह 500 ग्राम एमोक्सिलिन साल्ट की मात्रा सिर्फ 50 ग्राम ही थी। कैंसर



तक की नकली दवाएं पकड़ी गईं। ये सभी दवाएं उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से कूरियर के जरिए तेलंगाना पहुंची थी। इन दवाओं की पैकिंग इस तरह की गई थी, जो बिल्कुल असली लग रही थीं। इनकी पहचान कर पाना मुश्किल था।

उत्तराखंड में पिछले साल कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देशभर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रांड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस में इनकी सप्लाई थी। चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे।

विशेषज्ञों के अनुसार, नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ही नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाइयां सस्ती होती हैं, जो उसी तरह का फायदा करती हैं, जिस तरह का लाभ ब्रांडेड दवाइयों से मिलता है। सरकार जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दे रही हैं, जो सस्ती होती हैं। इन्हें आप मेडिकल स्टोर और जन औषधि केंद्र से खरीद सकते हैं।

कुछ ऐसी दवाएं हैं, जिन्हें ज्यादा मात्रा में लेने पर नशा होने लगता है। शराब और ड्रग्स से इन दवाओं का नशा काफी सस्ता होने से नशेड़ी इसका इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से कफ सिरप, पेन किलर्स, डिप्रेशन पिल्स और मनोरोगियों को दिए जाने इंजेक्शन की खपत बढ़ रही है। इसका फायदा दवा बनाने वाली कंपनियां भी उठा रही हैं, जो एक लाइसेंस पर कई फैक्ट्रियां चलाकर इन्हें धड़ल्ले से बना रही हैं। डिप्रेशन के इलाज के लिए दी जाने वाली गोली का रेव पार्टियों में काफी इस्तेमाल हो रहा है।

यह सही है कि असली की आड़ में नकली दवा का कारोबार पनप रहा है। आगरा में दवा माफियाओं ने ब्रांडेड कंपनी की दवाओं के सुरक्षा फीचर में भी सेंधमारी की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नकली क्यूआर कोड बनाया। यहां तक कि कंपनी के एक ही बैच नंबर से 1000 गुना तक दवाएं बनाकर बाजार में खपा दीं। इसमें एक ही बिल को बार-बार दर्शाने पर ये खेल पकड़ में आया।

नकली दवाओं की बिक्री बेहद गंभीर मामला है, लेकिन अगर आप जागरूक नहीं हैं तो ये आसानी से पकड़ में नहीं आ पातीं। दूसरी सबसे बड़ी वजह है कमजोर निगरानी सिस्टम। कायदे से ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की ये जिम्मेदारी है कि वह नकली दवाओं की खरीद फरोख्त करने वालों को पकड़ें लेकिन अमूमन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अगर नियमित तौर पर ये डिपार्टमेंट जांच पड़ताल करे तो नकली दवाएं बेचने वालों की लगाम कसी जा सकती है। नकली दवाएं मरीजों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। ऐसे में जरूरी है निगरानी सिस्टम को दुरुस्त किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नारियल दिवस

श्वेता गोयल



# प्राकृतिक ऊर्जा का अमृत व जीवन का वृक्ष है नारियल

हर वर्ष 2 सितम्बर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह अवसर न केवल नारियल जैसे बहुमूल्य फल और उसके वृक्ष के महत्व को समझाने के लिए हैं बल्कि यह दिन दुनियाभर के लोगों को इसके पोषण मूल्य, आर्थिक महत्व, खेती, प्रसंस्करण, उपयोगिता और वैश्विक स्वास्थ्य तथा कृषि में इसकी भूमिका को याद दिलाने का भी माध्यम है। यह दिवस दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस संगठन का उद्देश्य नारियल से जुड़ी हर गतिविधि को बढ़ावा देना, नारियल किसानों की स्थिति में सुधार करना और नारियल उद्योग की मजबूती के लिए प्रयास करना है।


नारियल शब्द की उत्पत्ति पुर्तगाली भाषा से मानी जाती है। 'कोको' और 'अखरोट' शब्दों के मेल से बना यह नाम आज पूरी दुनिया में इस अद्भुत फल की पहचान है। दुनियाभर के लगभग 80 देशों में नारियल की लगभग 150 किस्में पाई जाती हैं। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसकी खेती सबसे अधिक होती है और लाखों किसानों की आजीविका इसी पर आधारित है। नारियल को यूं ही जीवन का वृक्ष नहीं कहा जाता। इस वृक्ष का हर हिस्सा किसी न किसी तरह से मनुष्य के लिए उपयोगी है। फल भोजन और पेय का साधन है, पत्तियां छत और बुनाई के काम आती हैं, इसका खोल और भूसी शिल्पकला, ईंधन और घरेलू जरूरतों के लिए काम आते हैं और रस से चीनी, सिरका तथा अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं। यही वजह है कि नारियल न केवल भोजन का स्रोत है बल्कि इसे समृद्धि और पोषण का प्रतीक माना जाता है।

नारियल दिवस पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह अवसर हमें याद दिलाता है कि नारियल का वृक्ष किस प्रकार पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसके पेड़ मृदा को कटाव से बचाते हैं और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष बात यह है कि इसके हर हिस्से का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे अपव्यय की गुंजाइश न के बराबर रहती है। कोको वंश की एकमात्र शेष प्रजाति नारियल का वृक्ष है, जो ताड़ वर्ग के एरेकेसी परिवार से संबंधित है। यह वृक्ष 60 से 100 फुट तक ऊंचा होता है और लगभग 80 वर्षों तक जीवित रह सकता है। हालांकि इसके फल प्रायः 15 वर्ष की आयु के बाद ही लगना शुरू होते हैं। भारत में यह वृक्ष प्रमुख रूप से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अधिक पाया जाता है। नारियल की फसल भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देती है। यही नहीं, यह फसल देश के 1.2 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा और आजीविका उपलब्ध कराती है तथा करीब 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देती है।

नारियल का महत्व केवल खेती और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी है। यह फल पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और मोटापा नियंत्रित करने में प्रभावशाली माना जाता है। पोषण के स्तर पर नारियल बेहद समृद्ध फल है। इसमें 38.67 प्रतिशत कॉपर, 52.17 प्रतिशत मैग्नीज, 24.2 प्रतिशत आयरन, 18.8 प्रतिशत फाइबर, 8 प्रतिशत जिंक, 7.6 प्रतिशत वेलिन और 9.37 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने, चेहरे की चमक बढ़ाने और प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होते हैं। नारियल का उपयोग भोजन, सौंदर्य प्रसाधनों और सजावट की वस्तुओं तक में होता है। नारियल तेल को खाने में प्रयोग करने के साथ-साथ बालों और त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। नारियल के आर्थिक महत्व की बात करें तो यह किसानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। इसके अलावा नारियल से जुड़े प्रसंस्करण उद्योगों में भी रोजगार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। नारियल तेल, नारियल दूध, नारियल पाउडर, कोयर उद्योग, हस्तशिल्प, बायोफ्यूल और सौंदर्य उत्पाद जैसे उद्योग नारियल पर निर्भर हैं। एपीसीसी जैसे संगठन नारियल के उत्पादन और प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों के विकास और प्रसार के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीकें न केवल उत्पादकता को बढ़ाती हैं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## सफलता के लिए मन पर अंकुश जरूरी



संकलित

दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नेताओं को एक से अधिक पेंशन क्यों

आम तौर से सुनने में आता है कि अगर एक व्यक्ति एमएलए, एमपी, राज्यमंत्री, केबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री आदि पदों पर रहता है तो उसे हरेक पद के अनुरूप सभी पेंशन मिलेंगी। ऐसा विश्वास तो नहीं होता, मगर ऐसा है तो यह एक वीभत्स रंग का चुटकुला है। तर्कसंगत तो यह लगता है कि उस व्यक्ति को उच्चतम पद के अनुरूप एक पेंशन मिलनी चाहिए। यह भी सुनने में आता है कि राजनेताओं को ओल्ड पेंशन स्कीम के अंतर्गत ही पेंशन दी जा रही है। यह सारा विषय विचारशील सोच मांगता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने नेताओं को एक ही पेंशन का प्रावधान कर दिया है। अन्य राज्यों में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए और राजकोष को नेताओं पर लुटाने से बचाया जाना चाहिए। – **संतोष पटेल**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

### किम जोंग छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे

उत्तर कोरिया ने कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, और इसके बाद छह साल बाद वे चीन की यात्रा करेंगे। कारखाने का यह निरीक्षण मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है। चीन और उत्तर कोरिया दोनों ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि किम छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे और बुधवार को बीजिंग में आयोजित होने वाली सैन्य परेड में शामिल होंगे। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति और जापानी आक्रामकता के विरुद्ध चीन के प्रतिरोध की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही है। इस परेड में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा आमंत्रित 26 विदेशी नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। पुतिन को यूक्रेन पर हमले में किम का बड़ा समर्थन मिला है।



## ऑफ बीट

### एआई चैटबॉट्स को गुमराह कर फर्जी जानकारियां तैयार

जब आप चैटजीपीटी या अन्य एआई सहायक से गलत जानकारी बनाने को कहते हैं, तो वे आमतौर पर मना कर देते हैं और जवाब देते हैं कि "मैं झूठी जानकारी बनाने में सहायता नहीं कर सकता।" लेकिन हमारे परीक्षणों में पाया गया कि ये सुरक्षा उपाय केवल सतही हैं और इन्हें बेहद आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। हमने यह जांच की कि एआई भाषा मॉडल को कैसे गुमराह कर उसका सोशल मीडिया पर समन्वित दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जो परिणाम सामने आए, वे ऑनलाइन जानकारी की विश्वसनीयता को लेकर चिंतित किसी भी व्यक्ति के लिए परेशान करने वाले हैं। सतही सुरक्षा की समस्या प्रिंसटन और गूगल के शोधकर्ताओं के हालिया अध्ययन से प्रेरित होकर हमने परीक्षण किए। उन्होंने बताया कि वर्तमान एआई सुरक्षा उपाय मुख्यतः उत्तर की शुरुआती कुछ पंक्तियों पर आधारित होते हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि मॉडल जवाब की शुरुआत "मैं नहीं कर सकता" या "मुझे खेद है" से करता है, तो आमतौर पर पूरा उत्तर निषेधात्मक ही रहता है। हमारे अप्रकाशित प्रयोगों में भी यही पुष्टि हुई। जब हमने सीधे एक व्यावसायिक भाषा मॉडल से ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक दलों पर गलत सूचना बनाने को कहा, तो उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।



## ट्रेंड

### शानदार बातचीत

एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और मैं द्विपक्षीय बैठक स्थल पर साथ-साथ गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। इस सफर के दौरान अनेक और बहुत शानदार चर्चा भी हुई।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जरूरी सहायता

आज जम्मू में तवी पुल और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। मोदी सरकार प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि प्रभावितों को समय पर जरूरी सहायता उपलब्ध हो।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री



### संविधान की रक्षा

बिहार वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, बिहार कांग्रेस के बब्बर शेरों, प्रदेश के युवाओं का धन्यवाद। संकल्प लेते हैं, बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



### दया भावना

आज लालबाग के राजा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बिना किसी वीआईपी इंतज़ाम के गया था। तो कुछ और अच्छा लगा। वो बात अलग है भक्तों का प्यार और ऑर्गनाइजर्स की दया भावना बनी रही।

- अनुपम खेर, अभिनेता



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पहले ही सुपर चार में पहुंच चुके भारत ने कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा



- अभिषेक के 4 गोल, जुगराज व सुखजीत ने भी हैट्रिक लगाई
- भारत ने लगातार तीसरा मैच जीता

भाषा ▶▶ राजगीर

भारत ने एकतरफा मुकाबले में कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर सोमवार को यहां पूल तालिका में शीर्ष स्थान के साथ एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में प्रवेश किया। भारत ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर लिया था लेकिन टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में शीर्ष स्थान पक्का किया। भारत के लिए भारत के लिए अभिषेक (5वें, 8वें, 20वें और 59वें मिनट), सुखजीत सिंह (15वें, 32वें, 38वें), जुगराज सिंह (24वें, 31वें, 47वें) हैट्रिक गोल करने वालों में शामिल



रहे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें), अमित रोहिदास (29वें), राजिंदर सिंह (32वें), संजय सिंह (54वें), दिलप्रीत सिंह (55वें) ने गोल कर टीम की जीत की हैट्रिक पक्की की। भारत ने अपने पहले दो मैचों में चीन और जापान को हराया था। भारत के साथ चीन भी इस पूल से सुपर चार के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा, जबकि मलेशिया और कोरिया पूल बी से अगले चरण में पहुंचने वाली टीमें हैं। सभी चार टीमें टूर्नामेंट के अगले चरण में एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें रविवार के फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### 18वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला

मैच में शुरुआती कुछ मिनटों के बाद सुखजीत ने कजाकिस्तान के हाफ में गेंद को रोका और अभिषेक को पास दिया, जिन्होंने सर्कल के ऊपर से रिवर्स शॉट के साथ भारत का खाता खोला। इसके तीन मिनट बाद अभिषेक ने उसी जगह से फोरहैंड का इस्तेमाल कर दूसरा गोल किया। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर के अंत से ठीक पहले पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हरमनप्रीत के प्रयास को कजाकिस्तान के गोलकीपर येरजान येलुबायेव ने बचा लिया। सुखजीत ने हालांकि इसके बाद मिले फ्रीहिट पर अभिषेक के पास को नियंत्रित करके गोल कर दिया। कजाकिस्तान को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। भारत को 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत बदकिस्मत रहे क्योंकि उनकी फ्लिक पोस्ट से जा टकराई। अभिषेक के इसके तुरंत बाद हरमनप्रीत से मिले पास पर मुश्किल कोण से गेंद को गोल में डालकर अपनी हैट्रिक पूरी की। कजाकिस्तान को अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीयों ने शानदार बचाव किया।

## यूएस ओपन : क्वार्टर फाइनल में सबालेंका, क्रेसिकोवा, जेसिका, कार्लोस और नोवाक

# अल्काराज ने तोड़ा बोरिस बेकर का रिकॉर्ड सबालेंका लगातार 5वीं बार अंतिम-8 में

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में वहीं कार्लोस अल्कराज सबसे कम उम्र में 12वी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंच गए। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे।



### ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची जेसिका


चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा, जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया।

### अल्काराज का सामना जिरी लेहेका से



कार्लोस अल्काराज ने फ्रांस के आर्थर रिंडर्कनेक को सीधे सेटों में 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराया। इसके जरिए स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे नौजवान खिलाड़ी बना। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्काराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे। अल्काराज का सामना अब चेक रिपब्लिक के जिरी लेहेका से होगा। लेहका ने एड्रियन मनारिनो को 7-6 (4), 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एल्कराज साल 2025 में सभी चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन ओपन में वह अंतिम-8 में हार गए थे फिर फ्रेंच ओपन जीता तो विंबलडन के फाइनल में हारे।

**2025 के सभी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज**



### नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल

नोवाक जोकोविच ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गर्दन दर्द का सामना करते हुए 144वीं रैंक के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। तीसरे सेट के दौरान उन्हें गर्दन में समस्या हुई और फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके चलते उन्होंने दो गेम गंवाए। हालांकि इसके बाद भी वह जीत हासिल करने में सफल रहे। 38 साल के जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। इस खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए चेक रिपब्लिक के टॉमस मैकहैक को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

### क्रेसिकोवा ने टाउनसेंड को दी मात

महिला एकल में बारबोरा क्रेसिकोवा ने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6 (13), 6-3 से मात दी। टाउनसेंड दूसरे सेट में आठ मैच पॉइंट को भुना पाने में नाकाम रही। इस दौरान 25 मिनट तक टाईब्रेकर में मुकाबला चला। टाउनसेंड का यह 31वां ग्रैंड स्लैम था और वह अभी तक एक भी बार क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकी। क्वार्टर फाइनल में क्रेसिकोवा और पेगुला की ही टक्कर होगी।



### महिला विश्व कप की चैंपियन को मिलेंगे इस बार 40 करोड़

दुबई। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपए) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है।

#### महिला क्रिकेट के लिए नया मानदंड स्थापित

आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपए) घोषित की है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।' न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।


**सेवाएं विज्ञापन कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, भिवानी।**

फोन नं. 01664297352

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय भिवानी में दैनिक दिहाडी आधार पर कार्यालय में सफाई कार्यों हेतु प्रतिदिन 2 घंटो के लिए सफाईकर्मी की सेवाएं ली जानी है। दैनिक दिहाडी निर्धारित नियमों अनुसार दी जाएगी। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 9.9.25 सांये 5:00 बजे से पहले अपना आवेदन जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, बाल भवन कैम्पस, नजदीक रैड कास चिडियाघर रोड भिवानी में जमा करवाना सुनिश्चित करे।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी, भिवानी।

पीआरडीएच-1128/11/555/2026/38271/88/6 दि. 01.09.25

**नीलामी सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, भिवानी में स्टोर व विभिन्न शाखाओं से संबंधित नकारा, अनुपयोगी व कंडम घोषित सामान की नीलामी दिनांक 05-09-2025 को दोपहर बाद 3 बजे सिविल सर्जन कार्यालय के स्टोर में की जानी है। उक्त बोली/नीलामी के लिए नीलामी फीस 500/- रूपये का भुगतान करना होगा जो कि वापिस नहीं होगी। इसके अतिरिक्त बोलीदाता को 5000/- रूपये सिक्योरिटी जमा करवानी होगी जो बोली उपरांत वापिस कर दी जाएगी। सामान की नीलामी के पश्चात बोली की 25 प्रतिशत राशी सफल बोलीदाता को तुरंत जमा करवानी होगी व शेष राशी सामान उठाने से पहले जमा करवानी होगी। बोली के बाद सामान का उठान तीन दिन के अंदर-अंदर करना होगा। कंडम सामान किसी भी कार्य दिवस सिविल सर्जन कार्यालय के स्टोर में देखा जा सकता है। अन्य नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएगी व नीलामी को रद्द करने का पूर्ण अधिकार कमेटी का होगा।

हस्ता/-उप-सिविल सर्जन (एम)
का० सिविल सर्जन, भिवानी।

पीआरडीएच-1058/11/1151/2026/38252/88/6 दि. 01.09.25

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) पम्प्स और इम्पेलर।

विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 05.09.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 05.09.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 09.09.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप की जाएंगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/ निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक

संवाद-1039/11/98/2026/38240/सी/88/6 दि. 01.09.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 3×100 एमवीए 220/132 केवी जमा 1×100 एमवीए 220/33 केवी जमा 1×16/20 एमवीए 132/11 केवी ट्रांसफॉर्मर से 1×160 एमवीए 220/132 केवी जमा 2×100 एमवीए 220/33 केवी जमा 1×16/20 एमवीए 132/11 केवी ट्रांसफॉर्मर (रोहतक) तक 220 केवी सब स्टेशन नूना माजरा का संवर्धन। | 28.08.2025 08.09.2025 | रु. 8,07,632/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38257/I/88/6 दि. 01.09.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2023-24 में 132 केवी सब स्टेशन अहेरवां (हिसार) में 16/20 एमवीए, 132/11 केवी हॉट ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान। | 30.08.2025 10.09.2025 | रु. 7,87,372/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 2024-25 के पहले हॉफ में एचवीपीएनएल (हिसार) द्वारा 132 केवी सब स्टेशन बीर में अतिरिक्त 20/25 एमवीए 132 केवी टी/एफ की फीडिंग के लिए 132 केवी बे की रचना के लिए विशेष आकलन। | 30.08.2025 10.09.2025 | रु. 10,38,469/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | एसएलडीसी कॉम्पलैक्स, एचवीपीएनएल, सिवाह पानीपत में नियंत्रण कक्ष के पुनरोद्धार हेतु कार्य। | 29.08.2025 10.09.2025 | रु. 32,500/- ठेकेदारों हेतु व रु. 16,250/- सह. समितियों हेतु | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/38268/I/88/6 दि. 01.09.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गांव गढ़ी बाजिदपुर में परमिट लाइन के साथ-साथ साइड ड्रेन का बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 05.09.2025 | 10.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में नारनौंद में 50 बिस्तर वाले से 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (विद्युत सब स्टेशन का प्रावधान बकाया कार्य केवल) + 1 कार्य। | 29.08.2025 08.09.2025 | 78.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सेक्टर-9, फतेहाबाद में 200 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एमजीपी और ओटी लाइटनिंग सहित सम्बद्ध कार्य का प्रावधान) + 1 कार्य। | 29.08.2025 11.09.2025 | 593.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 06.09.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में लोनिवि कॉलोनी में नवनिर्मित 1300 वर्ग फुट और 1900 वर्गफुट मकानों में किचन और वार्डरोब का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 06.09.2025 | 186.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | स्वर्ण जयंती राज्य लोनिवि विश्राम गृह, गुरूग्राम में हाउसकीपिंग सेवाओं, सुविधा प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान यथा फ्रंट ऑफिस का मैकेनाइज्ड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट, रिसेप्शन, ऑल सुइट्स और फ्लोर तथा कैम्पस एरिया। | बंद होने की तिथि 06.09.2025 | 365.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | चुरनी जागिर - गांव चुरनी जागिर, ब्लॉक करनाल में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर भवन का निर्माण, स्कीम डी-प्लान (एससीएसपी) + 2 कार्य। | 28.08.2025 04.09.2025 | 36.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव चापरा, ब्लॉक अम्बाला-1 में सामान्य चौपाल का निर्माण + 2 कार्य। | 29.08.2025 04.09.2025 | 20.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरखड़ी मखवान ब्लॉक तोशाम में फिरनी को पूरा करना, एचआरडीएफ + 2 कार्य। | 29.08.2025 03.09.2025 | 100.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज झज्जर | 36.82 - गांव शिदिपुर ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में नाला वाला तालाब के आदर्श तालाब का निर्माण (एनजीटी स्कीम के तहत) + 3 कार्य। | 28.08.2025 03.09.2025 | 136.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | 55.50 - गांव बिठला, ब्लॉक साल्हावास, जिला झज्जर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 12 कार्य। | 28.08.2025 03.09.2025 | 620.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज झज्जर | 55.50 - गांव अकेहड़ी मदनपुर, ब्लॉक मातनहेल, जिला झज्जर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 30.08.2025 05.09.2025 | 46.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 वर्ष की अवधि के लिए सुपर सक्कर मशीन पूर्ण सैट का प्रचालन व रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 30.08.2025 10.09.2025 | 139.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 14 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | स्टेट एयरक्राफ्ट्स वीटी एचसीए फिक्सड विंग, वीटी एचआरवाई, और वीटी एचवाईआर रोटरी विंग के फ्लाइट प्रचालनों के लिए फ्लाइट प्लानिंग, फ्लाइट डिस्पेच, फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीडीएल), और सम्बन्धित सेवाओं के लिए सेवाएं। | 28.08.2025 11.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 15 | बागवानी, आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ़, करनाल | 15 अदद नेट हाउसेज में प्लास्टिक ट्रफ्स और वीड मैट की आपूर्ति एवं स्थापना। | 04.09.2025 12.09.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168696730 ptcshamgarh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/38277/I/88/6 दि. 01.09.25

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

मु0न0 न. 344 दिनांक 31.08.2025 धारा 281, 106 BNS थाना सांपला जिला रोहतक।



अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे
नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता - नामालूम।
उम्र लगभग 45 वर्ष।
कद- लगभग 5 फुट 5 इंच।
हुलिया- गोल गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, मजबूत शरीर।
पहनावा - हल्के हरे रंग की गोल गले की टी शर्ट, काली धारीदार निक्कर पहने हुए।

दिनांक 31.08.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश पोल्टेक्निक कालेज सांपला के सामने दिल्ली रोहतक रोड पर मिली है। जिसकी मौत एक्सिडेंट में लगी चोटों के कारण होनी बयान हुई है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सांपला रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9467204900

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

डी.डी न. 29 दिनांक 29.08.2025 धारा 194 BNSS थाना सांपला जिला रोहतक



अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे
नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता - नामालूम।
उम्र लगभग 60 वर्ष।
कद - लगभग 5 फुट 7 इंच।
हुलिया- रंग सांवला, आंख बंद, पतला फुर्तीला शरीर।
पहनावा - स्लेटी रंग का कुर्ता पजामा पहने हुए।

दिनांक 29.08.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश दुल्हेडा माईनर सांपला में मिली है। जिसकी मौत नहर में डूबने के कारण होनी बयान हुई है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सांपला रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 9992521515

पीआरडीएच-1084/11/3826/2026/38272/88/6 दि. 01.09.25

सुप्रीम कोर्ट का बिहार एसआईआर पर बड़ा आदेश

# 1 सितंबर के बाद भी वोटर लिस्ट में सुधार पर रोक नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार एसआईआर मामले मे राष्ट्रीय जनता दल और बाकियों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। बिहार में एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश दिया है। अब 1 सितंबर के बाद भी आपत्तियां स्वीकार की जाएगी। जिन लोगों के नाम लिस्ट में नहीं है उनकी मदद के लिए वॉलंटियर्स नियुक्त होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों और हटाए गए मतदाताओं को दावे दायर करने में मदद के लिए पैरा लीगल वॉलंटियर्स नियुक्त किए हैं।



### आधार पर क्या कुछ कहा

जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार को सत्यापन के उद्देश्य से एक दस्तावेज़ के रूप में लिया जाएगा, लेकिन यह केवल पहचान के प्रमाण के रूप में होगा। उन्होंने कहा कि अदालत आधार की स्थिति को किसी बड़ी पीठ के फैसले या आधार अधिनियम की धारा 9 से आगे नहीं बढ़ा सकती. प्रशांत भूषण ने यह भी कहा कि पहले आधार स्वीकार नहीं किया जा रहा था, लेकिन अब अदालत के आदेश के बाद इसे 11 सूचीबद्ध दस्तावेजों में से एक के रूप में ज़ोर दिया जा रहा है। चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.5% लोगों ने दस्तावेज़ जमा कर दिए हैं, लेकिन यह हैरानी की बात है कि ज़्यादातर राजनीतिक दल और मतदाता नाम हटाने के लिए आवेदन कर रहे हैं, जोड़ने के लिए नहीं।

## गरबा की पगड़ी में ऑपरेशन सिंदूर



**अहमदाबाद।** गणेश उत्सव के साथ ही कलाकार अब आगामी नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं। नवरात्रि उत्सव से पहले गरबा करने वालों के लिए नए परिधान के रूप में इस बार ऑपरेशन सिंदूर का महत्व होगा। अहमदाबाद में एक कलाकार ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पगड़ी दिखाता हुआ।

## रूस ने 4 दिवसीय दौरे पर ईयू अध्यक्ष के विमान का 'रडार' किया जाम

**ब्रसेल्स।** रूस पर विमान के रडार को जाम करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने यह आरोप लगाया है। अधिकारी के अनुसार, रूस ने बुल्गारिया के ऊपर से गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया। बताया गया है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को ले जा रहा विमान बुल्गारिया के ऊपर संदिग्ध रूसी कार्रवाई के कारण रडार जाम होने से प्रभावित हुआ। आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा कि विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया और वॉन डेर लेयेन रूस व बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों की अपनी यात्रा जारी रखेंगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दावा

# भारत टैरिफ घटाने को तैयार, कहा- अब देर हो चुकी, पहले कम करना था

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अब अमेरिका पर टैरिफ कम करने की पेशकश की है, लेकिन काफी देर हो चुकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार संबंधों को 'एकतरफा' बताते हुए कहा कि भारत अमेरिका को बहुत सारा सामान बेचता है, लेकिन अमेरिका भारत को बहुत कम सामान बेच पाता है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत ने अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाए, जिससे अमेरिकी कंपनियों को भारत में सामान बेचना मुश्किल हो गया। यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा रही है! उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तेल और मिलिट्री उपकरण रूस से खरीदता है, न कि अमेरिका से। ट्रंप ने इसे सालों पुरानी दिक्कत बताया और कहा कि भारत को पहले ही टैरिफ कम कर देना चाहिए था। ट्रंप का यह



बयान ऐसे समय पर आया है जब कुछ घंटे पहले ही पीएम मोदी ने एससीओ समिट के दौरान चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की है। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी 21वीं सदी की सबसे खास साझेदारी है।

उन्होंने कहा कि इस महीने दोनों देश अपने लोगों, तरक्की और नई संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। नई तकनीक, कारोबार, रक्षा और आपसी रिश्तों से यह दोस्ती और गहरी हो रही है।

## खबर संक्षेप

### आरपीएससी सदस्य शर्मा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) एक बार फिर सुर्खियों में है। आयोग की सदस्य मंजू शर्मा ने पद से त्यागपत्र देकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस्तीफे में लिखा कि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण लंबित नहीं है।

### टीसीए कल्याणी ने सीजीए का संभाला पद

**नई दिल्ली।** आईसीएएस अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण किया। वित्त मंत्रालय में इस पद को संभालने वाली वह 29वीं अधिकारी हैं। वह रक्षा, दूरसंचार, वित्त, सामाजिक न्याय, गृह मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों में काम किया।



### सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन आज

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के यशोभूमि में 'सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को उत्प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री 3 सितंबर को सुबह लगभग 9:30 बजे से भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।



### पीओके में हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 की मौत

**नई दिल्ली।** पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से दो पायलटों सहित पांच क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फारक ने बताया कि यह हादसा डायमर जिले के चिलास इलाके में हुआ। डायमर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल हमीद ने कहा कि हेलिकॉप्टर एक नए हेलीपैड पर टेस्ट लैंडिंग कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ।



**एससीओ शिखर सम्मेलन**

◆ प्रधानमंत्री मोदी व पुतिन ने हाथ मिलाया, गले मिले, हाथ पकड़कर कारपेट पर चले, पाक पीएम शाहबाज खड़े देखते रहे

# ये दोस्ती हम नहीं 'तोड़ेंगे'

## ट्रंप के टैरिफ के दबाव के बीच पीएम मोदी ने कहा-भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े







*मोदी ने कहा- 140 करोड़ भारतीय आपके (पुतिन) लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे*

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है

### मोदी ने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार

### राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात शानदार रही


राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता पर बात करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि तियानजिन में एससीओ के दौरान राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात शानदार रही। हमने दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के लिए व्यापार, फर्टिलाइजर, अंतरिक्ष, सुरक्षा और संस्कृति पर बातचीत की। हमने यूक्रेन में शांति बहाल करने से लेकर कई स्थानीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की। दोनों देशों की खास और रणनीतिक साझेदारी वैश्विक स्थिरता में अहम भूमिका रही है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में एससीओ सम्मेलन के इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति पूरी मानवता की पुकार है। उन्होंने संघर्ष को जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा महसूस करता हूं। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का मौका मिलता है।

### मोदी-पुतिन की कार में 45 मिनट सीक्रेट टॉक



चीन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात चर्चा में रही। एससीओ सम्मेलन के बाद दोनों में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता से पहले पीएम मोदी और पुतिन ने 45 मिनट तक कार में बातचीत की। सम्मेलन के बाद पुतिन ने मोदी का इंतजार किया और वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों कार में बैठकर बातचीत करते रहे। चीन के तियानजान में सम्मेलन खत्म होने के बाद पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात थोड़ी दूर पर मौजूद एक होटल में शेड्यूल की गई थी। ऐसे में पुतिन ने न सिर्फ काफी देर तक पीएम मोदी का कार में इंतजार किया बल्कि वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों नेता कार में ही बैठकर बातचीत करते रहे।

**पीटर नवारो के बयान पर पुरी का जवाब**

### भारत ने नियमों का पालन किया, रूसी तेल से लाभ नहीं कमाया

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहाकर पीटर नवारो की 'लॉन्ड्रोमैट' वाली टिप्पणी पर पलटवार किया है। पुरी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल के आयात में कोई नियम नहीं तोड़ा और इसका मकसद वैश्विक बाजार को स्थिर रखना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का बड़ा निर्यातक रहा है और इसमें कोई मुनाफाखोरी नहीं हुई है। उन्होंने साफ कहा कि भारत ने यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी तेल खरीदने में कोई नियम नहीं तोड़ा है और भारत की ऊर्जा व्यापार नीति ने वैश्विक बाजार को स्थिर रखने और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद की है। पिछले हफ्ते पीटर नवारो ने एक्स पर कई पोस्ट में यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताया और कहा कि भारत रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को फंड कर रहा है।



### मोदी-पुतिन-जिनपिंग की केमेस्ट्री से ट्रंप के तेवर पड़े नरम, कहा

**भारत-अमेरिका का रिश्ता 21वीं सदी के लिए निर्णायक**

एससीओ सम्मेलन में जिस तरह से भारत-चीन और रूस के रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, उससे कहीं न कहीं अमेरिका को चिंता हुई है कि भारत, शायद उनके पाले से छिटक सकता है, यही वजह है कि अमेरिकी दूतावास ने तुरंत ट्वीट कर भारत-अमेरिका के संबंधों को अहम बताया। अमेरिकी दूतावास ने लिखा कि अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। यह 21वीं सदी का एक निर्णायक रिश्ता है। हम उन लोगों, प्रगति और संभावनाओं पर प्रकाश डाल रहे हैं जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। नवाचार और उद्यमिता से लेकर रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों तक, यह हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच की स्थायी मित्रता ही है जो इस यात्रा को ऊर्जा प्रदान करती है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों संग की बैठक

# ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही, उपयोगकर्ताओं के पैसों की सुरक्षा और उद्योग में व्यवस्थित बदलाव (ऑर्डरली ट्रांज़िशन) जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह भी नोट किया गया कि उद्योग ने कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

### आईटी सचिव से भी की थी मुलाकात



इससे पहले शुक्रवार को भी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय आईटी सचिव के साथ बैठक की थी। शुक्रवार की बैठक में गेमिंग कानून को लेकर नियमों और आगे की दिशा को लेकर चर्चा हुई। सचिव स्तर की इस बैठक में गेमिंग प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों के अलावा बैंकिंग और फिनटेक प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस बैठक का मकसद स्टेकहोल्डर्स को यह बताना था कि इस कानून में उनके लिए क्या है। जल्द इस कानून से संबंधित नियम बनाए जाएंगे और यह एक सतत प्रक्रिया है। नियमों से ज्यादा, इसका मकसद ऑनलाईन गेमिंग से जुड़े उद्योग को कानून और उसके परिणामों की जानकारी देना था। बैठक में बताया गया कि सरकार प्रोग्रेसिव कानून के पक्ष में है, लेकिन उसे ऐसे मुद्दों पर जनभावनाओं के साथ ही स्टेकहोल्डर्स का हित भी ध्यान में रखना है।

### ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम जल्द अधिसूचित होगा: सचिव

सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा कि यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद यह अधिनियम लागू हो जाएगा।

पाक में जारी बारिश का कहर

# बाढ़ से 24 घंटे में 15 लोगों की मौत अब तक 854 मारे गए, लाखों पीड़ित

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से लाखों लोगों के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में 15 लोगों की जान चली गई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। पंजाब में 10 लोग और खैबर पख्तूनख्वा में 5 लोग मारे गए। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएम) ने बताया कि 26 जून से 31 अगस्त तक बाढ़ और बारिश से 854 लोगों की मौत हो चुकी है और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि पंजाब में 20 लाख से ज्यादा लोग इस भयानक बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार ने 7.6 लाख लोगों और 5 लाख पशुओं को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25